श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 181, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 30 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट







## राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य भारत को अनुसंधान और नवाचार का केंद्र बनाना, युवाओं को प्रतिभा की बजाय भाषा के आधार पर आंकना सबसे बड़ा अन्याय

# भारत नई संभावनाओं की नर्सरी: मोदी

### 'पीएम श्री'

### योजना की पहली किश्त जारी की, 12 भारतीय भाषाओं में अनुवादित शिक्षा और कौशल पाठ्यक्रम की पुस्तकों का विमोचन किया


**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने प्रतिभा की बजाय भाषा के आधार पर युवाओं के मूल्यांकन को सबसे बड़ा अन्याय बताया और कहा कि अधिकांश विकसित देशों ने अपनी मूल भाषाओं के आधार पर प्रगति की है। प्रधानमंत्री शनिवार को भारत मंडपम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तीन साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर पीएम श्री योजना के तहत राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, केन्द्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय समिति के चयनित 6207 स्कूलों को प्रथम चरण की प्रथम किस्त के रूप में 630 करोड़ रुपये से अधिक की केन्द्रीय राशि हस्तांतरित की। इसके अलावा उन्होंने 12 भारतीय भाषाओं में अनुवादित शिक्षा और कौशल पाठ्यक्रम की पुस्तकों का भी विमोचन किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं पर विशेष जोर का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी छात्र के साथ सबसे बड़ा अन्याय उनकी क्षमताओं की बजाय उनकी भाषा के आधार पर उनका मूल्यांकन करना है। उन्होंने कहा, मातृभाषा में शिक्षा भारत में छात्रों के लिए न्याय के एक नए रूप की शुरूआत कर रही है। यह सामाजिक न्याय की दिशा में भी एक बहुत महत्वपूर्ण कदम है। दुनिया में भाषाओं की बहुलता और उनके महत्व को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि दुनिया के कई विकसित देशों को उनकी स्थानीय भाषा के कारण बढ़त मिली है। प्रधानमंत्री ने यूरोप की मिसाल देते हुए कहा कि ज्यादातर देश अपनी मूल भाषा का ही इस्तेमाल करते हैं।



### एनईपी में पारंपरिक ज्ञान, प्रौद्योगिकियों को समान महत्व दिया गया: मोदी

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि युगांतकारी बदलावों में कुछ समय लगता है। उन्होंने कहा कि एनईपी में पारंपरिक ज्ञान और भविष्य की प्रौद्योगिकियों को समान महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि छात्र अब समझ गए हैं कि 10 2 प्रणाली के स्थान पर अब 5 3 3 4 प्रणाली चल रही है। पूरे देश में एकरूपता लाते हुए 3 साल की उम्र से शिक्षा शुरू होगी। उन्होंने यह भी बताया कि कैबिनेट ने नेशनल रिसर्च फाउंडेशन बिल को संसद में पेश करने को मंजूरी दे दी है। एनईपी के तहत राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा जल्द ही आएगी। तीन से आठ साल के छात्रों के लिए रूपरेखा तैयार है। पूरे देश में एक समान पाठ्यक्रम होगा और एनसीईआरटी इसके लिए नए पाठ्यक्रम की किताबें तैयार कर रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षा दिए जाने के परिणामस्वरूप कक्षा 3 से 12 तक 22 विभिन्न भाषाओं में लगभग 130 विभिन्न विषयों की नई किताबें आ रही हैं।

### अगले 25 वर्षों में एक ऊर्जावान नई पीढ़ी तैयार करनी है: पीएम



**प्रधानमंत्री** ने कहा कि हमें अमृत काल के अगले 25 वर्षों में एक ऊर्जावान नई पीढ़ी तैयार करनी है। गुलामी की मानसिकता से मुक्त, नवाचारों के लिए उत्सुक, विज्ञान से लेकर खेल तक के क्षेत्र में परचम लहराने को तैयार, 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप खुद को हुनरमंद बनाने की इच्छुक, कर्तव्य की भावना से भरी हुई पीढ़ी। उन्होंने कहा, एनईपी इसमें बड़ी भूमिका निभाएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विभिन्न मापदंडों में से भारत का बड़ा प्रयास समानता के लिए है। उन्होंने कहा, एनईपी की प्राथमिकता है कि भारत के प्रत्येक युवा को समान शिक्षा और शिक्षा के समान अवसर मिले। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह स्कूल खोलने तक सीमित नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा के साथ-साथ संसाधनों में भी समानता लायी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि हर बच्चे को पसंद और क्षमता के अनुसार विकल्प मिलना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने व्यावसायिक शिक्षा को सामान्य शिक्षा के साथ एकीकृत करने के कदमों और शिक्षा को अधिक रोचक और इंटरैक्टिव बनाने के तरीकों पर प्रकाश डाला। यह बताते हुए कि लैब और प्रैक्टिकल की सुविधा पहले कुछ मुट्ठी भर स्कूलों तक ही सीमित थी।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कर रहा प्रगति : शाह



**रामेश्वरम/नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और तत्कालीन राष्ट्रपति दिवंगत डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के विजन के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बड़ी प्रगति कर रहा है। अमित शाह ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, मेमोरीज नेवर डाई पुस्तक के विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। शाह ने भारत की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के लिए कलाम की उत्कृष्ट सेवाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम ने स्वदेशी गाइडेड मिसाइलों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाया। अग्नि मिसाइल और पृथ्वी मिसाइल के सफल परीक्षण का श्रेय भी उन्हीं को जाता है। उनकी देखरेख में देश ने 1998 में पोखरण में अपना दूसरा सफल परमाणु परीक्षण किया और भारत परमाणु शक्ति से संपन्न राष्ट्रों की सूची में शामिल हुआ। उल्लेखनीय है कि रामेश्वरम पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम का गृह नगर है। अमित शाह ने कहा कि डॉ. कलाम ने अपनी पुस्तक भारत 2020: नई सहस्त्राब्दी के लिए एक दृष्टिकोण में देश के भविष्य के रोडमैप को रेखांकित किया था। पुस्तक में उन्होंने तीन प्रमुख विजन का उल्लेख किया है- भारत को एक राष्ट्र के रूप में अपने पोटेंशियल को पहचानने की आवश्यकता है। देश को टेक्नोलॉजी आधारित अर्थव्यवस्था बनाने की जरूरत है और संतुलित विकास मॉडल को अपनाकर गांवों व शहरों को एक साथ आगे बढ़ाना है। शाह ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने इन तीनों बिंदुओं को करके दिखाया है और भारत एक विकसित देश बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारे छात्रों, युवाओं और उनके स्टार्टअप के लिए अंतरिक्ष विज्ञान में अवसर खुले हैं। डॉ. कलाम का अंतरिक्ष विज्ञान में उपलब्धियों का सपना प्रधानमंत्री मोदी के नवाचारों और नई पहलों से पूरा होगा। मुझे विश्वास है कि भारत अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में पूरी दुनिया नेतृत्व करेगा।

### नड्डा की नई टीम का ऐलान, 38 नाम

**नई दिल्ली: भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को केंद्रीय पदाधिकारियों की सूची जारी की। इस सूची में पुराने चेहरों के साथ कुछ नए नेताओं को शामिल किया है, जिसमें तेलंगाना प्रदेश के अध्यक्ष रहे संजय बंदी और राधामोहन अग्रवाल शामिल हैं। इन दोनों को महासचिव बनाया गया है। केन्द्रीय पदाधिकारियों की नई सूची में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष में रमण सिंह, वसुंधरा राजे, रघुवर दास, सौदान सिंह, सरोज पांडेय, रेखा वर्मा, डीके अरुण, एम चौबा, अब्दुल्ला कुट्टी, लक्ष्मीकांत वाजपेयी, लता उसेंडी और तारीक मंसूर शामिल हैं। राष्ट्रीय महामंत्री की सूची में अरुण सिंह, कैलाश विजयवर्गीय, दुष्यंत कुमार, तरुण चुग, विनोद तावड़े, सुनील बंसल, संजय बंदी, राधामोहन अग्रवाल शामिल हैं। बीएल संतोष को राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) नियुक्त किया गया है। इसके साथ सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश को नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय सचिव की सूची में विजया राहटकर, सत्या कुमार, अरविंद मेनन, पंकजा मुंडे, नरेन्द्र सिंह रैना, अल्का गुर्जर, अनुपम हाजरा, ओमप्रकाश धुर्वे, ऋतुराज सिंहा, आशा लकड़ा, कामख्या प्रसाद, सुरेन्द्र सिंह, अनिल अंटोनी को शामिल किया गया है।

## बंगाल के हालात से भी रूबरू हो विपक्षी सांसदों का दल: अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली। केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मणिपुर में विपक्षी दलों के सांसदों के दौरे पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के हालात भी खराब हैं तो क्या सांसदों का यह दल पश्चिम बंगाल भी जाएगा? उन्हें पश्चिम बंगाल के हालात से भी रूबरू होना चाहिए। अनुराग ठाकुर ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बंगाल में लोकतंत्र लाचार है, मानवता शर्मसार है। ममता दीदी की शह से आज बंगाल में अपराधियों, गुंडों, दंगाइयों का बोलबाला है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है, जनता त्रस्त है। ममता राज में तृणमूल कांग्रेस अपराधियों को संरक्षण दे रही है, उनको पाल पोस रही है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के नेताओं पर हमले हो रहे हैं।

### नौसेना ने बंगाल की खाड़ी में फंसे 36 भारतीय मछुआरों को बचाया

**नई दिल्ली: बंगाल की खाड़ी में तैनात भार**तीय नौसेना जहाज का खंजर तमिलनाडु तट से 130 समुद्री मील दूर दो दिन से फंसे 36 भारतीय मछुआरों को सुरक्षित वापस ले आया है। मछुआरे मछली पकड़ने वाली तीन नौकाओं पर सवार थे, जिन्हें जहाज के चालक दल ने चुनौतीपूर्ण समुद्री परिस्थितियों में 30 घंटे से अधिक समय तक संघर्ष करके बचाया। बंगाल की खाड़ी में परिचालन तैनाती पर आईएनएस खंजर ।

## उत्तराखंड: बद्रीनाथ हाईवे का 50 मीटर का हिस्सा बहा

**देहरादून/शिमला: उत्तराखंड के चमोली** जिले में बद्रीनाथ नेशनल हाईवे का 50 मीटर का हिस्सा बह गया। भारी बारिश के बाद लांबगढ़ नाले में जलस्तर बढ़ गया था, जिसके चलते हाईवे का हिस्सा बहा। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में चौरा के पास लैंडस्लाइड होने के चलते नेशनल हाईवे-5 ब्लॉक हो गया। इसके अलावा भी हाईवे पर कई जगहों पर लैंडस्लाइड हुई हैं। इधर, राजस्थान की जयपुर में 10 घंटों में 6 इंच बारिश हो चुकी है। कई इलाकों में एक-एक फीट तक पानी भर गया है। जयपुर से

**● हिमाचल में लैंडस्लाइड, एनएच-5 बंद; जयपुर में 10 घंटों में 6 इंच बारिश, कई ट्रेनें रद्द**

चलने वाली कई ट्रेनों को भी रद्द किया गया है। वहीं, चित्तौड़गढ़ स्थित रावतभाटा के पाड़ाझर झरने में नहाने गए दो इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स डूब गए। वे अपने 18 अन्य साथियों के साथ कोटा से घूमने आए थे। मौके पर गोताखारों की टीम दोनों की तलाश कर रही है। उधर, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में अचानक बाढ़ आने से नाले पर बना एक फुटब्रिज टूट गया। यह पुल रामनगर तहसील के तीन ब्लॉक को आपस में जोड़ता था। पुल के टूटने से लोगों को अपनी जान खतरे में डालकर नाला पार करना पड़ रहा है।

केंद्रीय टीम असम में बाढ़ के नुकसान का आकलन करेगी: केंद्र की टीम ने असम में बाढ़ से हुए नुकसान का पता लगाने के लिए असम सरकार से जियो-टैग्ड रियल टाइम फोटोग्राफ उपलब्ध कराने को कहा है। टीम ने असम सरकार से ये भी बताने को कहा कि बाढ़ से कितने घरों और कितनी फसल का नुकसान हुआ।

### सीमावर्ती राज्य में अस्थिरता हमारी समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से भी खराब

## मणिपुर : चीन की मदद से सक्रिय विद्रोही समूह जिम्मेदार : नरवणे



**नई दिल्ली। पू**र्व भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने मणिपुर में अस्थिरता के लिए चीन की मदद से सक्रिय विभिन्न विद्रोही समूहों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि न केवल हमारे पड़ोसी देश में, बल्कि हमारे सीमावर्ती राज्य में अस्थिरता हमारी समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से भी खराब है। निश्चित रूप से इस अस्थिरता में विदेशी एजेंसियों की भागीदारी से न केवल इनकार नहीं किया जा सकता है, बल्कि मैं कहूंगा कि यह निश्चित रूप से है। विभिन्न विद्रोही समूहों को कई वर्षों से चीन से मदद मिल रही है। नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की ओर से आयोजित एक व्याख्यान में पूर्व सेना प्रमुख नरवणे ने युद्ध के बदलते चरित्र और नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने कूटनीति के महत्व पर कहा कि दो मोर्चों पर युद्ध लड़ने वाला कोई भी कभी नहीं जीता। मैंने शुरूआत में ही कहा था कि आंतरिक सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। मुझे यकीन है कि जो लोग कुर्सी पर हैं और कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार हैं, वे अपना सर्वश्रेष्ठ कर रहे हैं। जमीन पर मौजूद व्यक्ति सबसे अच्छी तरह जानता है कि क्या करना है, वैसे राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। उन्होंने कहा कि हमारी सीमाओं पर अधिक अस्थिरता से तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी आदि जैसे अंतरराष्ट्रीय अपराधों में वृद्धि होगी।

### अधिवक्ता चैंबर्स का लोकार्पण व डिजिटल लाइब्रेरी का शिलान्यास करेंगे सीएम योगी

## अधिवक्ताओं को विकास कार्यों की सौगात देंगे सीएम योगी



**गोरखपुर: उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अधिवक्ताओं को सवा नौ करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। इसके साथ ही टिन की छांव में बैठकर वादकारियों के हित की लड़ाई लड़ने वाले अधिवक्ताओं को सुविधायुक्त ठौर मुहैया कराने का उनका संकल्प भी पूरा हो जायेगा। रविवार शाम प्रस्तावित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी गोरखपुर कलेक्ट्रेट मुख्यालय परिसर में 3 करोड़ 46 लाख 21 हजार रुपये की लागत से बने मल्टीस्टोरी अधिवक्ता चैंबर्स तथा सदर तहसील में 4 करोड़ 54 लाख 24 हजार रुपये की लागत से निर्मित अधिवक्ता चैंबर्स का लोकार्पण करेंगे। साथ ही 1 करोड़ 25 लाख 30 हजार रुपये की लागत से कलेक्ट्रेट परिसर में बनने वाली डिजिटल लाइब्रेरी का शिलान्यास भी उनके हाथों होगा। इन तीनों विकास परियोजनाओं की कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग है। कलेक्ट्रेट मुख्यालय के अधिवक्ता चैंबर्स में 24 अधिवक्ता कक्ष, एक मीटिंग सह कांफ्रेंस हाल, एक कामन हाल व स्टिल्ट पार्किंग का निर्माण कराया गया है, जबकि सदर तहसील के अधिवक्ता चैंबर्स में 48 अधिवक्ता कक्ष बनाए गए हैं

पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के खातों में अंतरित करेंगे 51 करोड़ रुपये: सोमवार पूर्वाह्न वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रस्तावित एक समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 08 हजार 450 लाभार्थियों को 51 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित करेंगे। वह 250 लाभार्थियों को 50 हजार रुपये की दर से प्रथम किश्त (कुल 01.25 करोड़), 02 हजार 200 लाभार्थियों को 01.50 लाख रुपये की दर से दूसरी किश्त (कुल 33 करोड़) तथा 03 हजार 350 लाभार्थियों को 50 हजार रुपये की दर से।

## मॉब लिंचिंग के मामलों की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट सहमत



**नई दिल्ली: सुप्रीम** कोर्ट ने गौहत्या के नाम पर मुस्लिमों की मॉब लिंचिंग (भीड़ द्वारा पिटाई) के मामले में 28 जुलाई को सुनवाई के लिए सहमति जताई है। यह याचिका नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन विमेन ने दायर की थी। यह याचिका मॉब लिंचिंग मामलों को हाईकोर्ट में भेजने के खिलाफ थी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने इस मामले में सुनवाई की। इस मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार सहित 6 राज्यों के डीजीपी को नोटिस जारी किया है। इसमें बिहार, उड़ीसा, हरियाणा, उत्तर प्रदेश , राजस्थान और मध्य प्रदेश शामिल है।

## खबर संक्षेप

### विधायक हर्षवर्धन बाजपेई के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री सुंदर कांड पाठ एवं भजन का आयोजन

**प्रयागराज।** शहर उत्तरी के विधायक इंजीनियर हर्षवर्धन बाजपेई के जन्मोत्सव कार्यक्रम के उपलक्ष्य में रविवार (30 जुलाई )को शाम 3:30 बजे सिविल लाइन सुभाष चौराहा(पेट्रोल टंकी के बगल) में विधायक के समर्थक,भाजपा के कार्यकर्ता ,पदाधिकारी एवम टीम हर्ष बाजपेई के सदस्यों द्वारा श्री सुंदरकांड पाठ भजन एवम प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित की गई है जिसमे आप इष्ट मित्रो एवम परिवार के सदस्यों के साथ आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। इस कार्यक्रम की जानकारी विधायक के मीडिया प्रभारी घनश्याम शुक्ला ने दी।

### कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक आज

**लालापुर।** क्षेत्र के स्वर्गीय गुरु प्रसाद शुक्ला चैरिटेबल ट्रस्ट की कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक आज को सुनिश्चित की गई है स्थान शारदा देवी इंटर कॉलेज नौडिया तरहार के प्रांगण में समय सुबह 11:00 बजे। सभी सदस्यों को उपस्थित होना अनिवार्य है प्रबंधक मनोज कुमार शुक्ला ने बताया।

# 4 साल बाद दिखा मुहर्रम में लोगों का जोश लाठियों की कलाबाजी बनी आकर्षण

## या अली- या हुसैन की गूंजती रहीं सदाएं

अखंड भारत संदेश





**जारी।** यौमे आशूरा पर जारी, सेमरी ,मिश्राबाँध, के आस पास इलाकों से निकाले गए ताजियों के जुलूस में या अली या हुसैन अलविदा की सदाएं गूंजतीं रहीं। जुलूस के साथ अकीदतमंद कर्बला पहुंचे। वहां पर नम आंखों से ताजिये सुपुर्देआब कर दिए गए। इसके अलावा घरों में लोगों ने शहादतनामें भी सुनें। इस दौरान कर्बला में हजरत इमाम हुसैन की शहादत बयान की। घरों में पकवान बनाकर फातिहा कराया गया। इमामबाड़े में सुबह से ही भीड़भाड़ का सिलसिला शुरू हो गया। कर्बला में जियारत करने के लिए सैकड़ों की तादाद में अकीदतमंद पहुंचने लगे। इसके बाद ताजिया, बुर्राक, अखाड़े मस्जिद व अन्य इमारतें पर एकत्रित हुए। इसे देखने के लिए हजारों का मजमा लगा रहा। ताजिया जुलूस में लोग करतब भी दिखा रहे थे। वहीं बैंड पर या हुसैन, या अली के नारे और मातमी धुन बज रहीं थीं। ताजिया की झलक पाने, मन्नतें मांगने और ताजिया में कलावा व मेवे का सेहरा बांधने वालों की भीड़ लगी रही। अकीदत के साथ लोगों ने ताजिया की जियारत की। इसके बाद सभी ताजिया कर्बला के पानी में ले जाकर ठंडे कर दिए गए। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। बताया जाता है कि इसी दिन हजरत अली असगर को यजिदियों ने एक बूंद पानी मांगने पर शहीद कर दिया था। मुहर्रम की दसवीं को योम ए आशुरा भी कहा जाता है। इस दिन हजरत इमाम हुसैन अपने बहतर साथियों के साथ अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए शहीद हो गये थे। इस दिन मुसलमान रोजा रखते हैं और कुरान की तिलावत करते हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैद रही। थाना प्रभारी संजय द्विवेदी जारी चौकी प्रभारी शैलेंद्र यादव भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकन्ने रहे।



## मोहर्रम पर मातमी धुनों के साथ निकाला गया ताजिया

**फूलपुर।** मुहर्रम की दसवीं तारीख को कर्बला की जंग में शहीद हुए इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों की याद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फूलपुर क्षेत्र में मातमी जुलूस के साथ ताजिया निकाल। मोहर्रम पर निकले जुलूस में बड़ों के अलावा छोटे बच्चें भी सीना पीट रहे थे। या हुसैन के नारें से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा जो गली, चौराहो व सड़कों पर रुककर कर इमाम हुसैन की शहादत की कहानी बयां कर रहे थे। इस दौरान मौलाना ने तकरीर करते हुए कहा कि वर्षों पहले इराक में यजीद नाम का जालिम बादशाह इंसानियत का दुश्मन था जो खुद को खलीफा मानता था।कहा कि यजीद जनता पर हद से ज्यादा जुल्म किया करता था। वह चाहता था कि हजरत इमाम हुसैन उसके खेमे में शामिल हो जाएं। लेकिन हुसैन को यह मंजूर नहीं था। उन्होंने अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई। यजीद ने इमाम हुसैन व उनके साथियों को कर्बला में शहीद करने के साथ ही उनके बेटे का भी कत्ल कर दिया था। हजरत मोहम्मद साहब के नाती हजरत इमाम हुसैन ने अपने नाना के सिद्धांतों की रक्षा के लिए कर्बला के मैदान में पूरे कुनबा के साथ जामे शहादत पिया था। तत्कालीन शासक यजीद जंग जीतने के बाद भी हार गया। जो कल जिंदाबाद था वह आज भी जिंदाबाद है। हुसैन जिंदाबाद के आज भी नारे बुलंद हैं। क्षेत्र के भरौटी ,बाबूगंज कटरा, पूरेभुलई, वीरकाजी , टटिहरा सहित अन्य जगहों पर जुलूस के साथ ताजिया निकाला गया। ताजिया जुलूस में मौलाना के साथ मोहम्मद इकराम, मोहम्मद यूसुफ, अरमान अहमद, एडवोकेट एजाज अहमद, अबरार अहमद उर्फ लड्डन, अशफाक अहमद, सलीम टाइगर, इश्तियाक अहमद, अली अहमद हाशमी, जैनुल आबदीन के साथ गांव के अन्य लोग शामिल हुए।

# मोहर्रम के मातमी जुलूस में गूंजी या हुसैन की सदाएं, उमड़ा जनसैलाब





अखंड भारत संदेश

**मेजा।** ऐ सैयदा के लाल तुझको उम्र भर रोएंगे हम, हम फकत पैदा हुए रोने रुलाने के लिए इन पंक्तियों के साथ नोहाख्वानी व सीनाजनी करते हुए शिया सोगवारों ने नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन की याद में आंसू बहाए। ताजिये के साथ जुलूस मेजा खास बरगद मोड़ से करबला तक निकाला, जिसमें हजारों सोगवारों ने शिरकत कर शोहदा-ए करबला को खिराज ए अकीदत पेश किए। मेजा खास में अशरा ए मोहर्रम पर ताजिया जुलूस निकाला गया। इससे पहले मौलाना ने मजलिस में खिताब करते हुए इमाम हुसैन और उनके परिवार व 72 साथियों की शहादत को बयान किया। हजरत हुसैन ने जालिम यजीद के आगे घुटने नहीं टेके और इंसानियत बचाने के लिए शहादत दी। इसके बाद अंजुमन-ए हुसैनी अलम और ताजियों का जुलूस लेकर नोहा ख्वानी और इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए ताजिया जुलूस के साथ मातम किया।बता दें कि ताजिया मातमी जुलूस निकालने के पूर्व संध्या पर लगभग 11 बजे के करीब सभी ताजिया को ताजियादारों ने निर्धारित चौक पर स्थापित करते हैं उसके बाद ओजावर फातिया पढ़ते हैं।रात लगभग एक बजे ताजिया को पूरे गांव में भ्रमण कर 4 बजे भोर में फिर चौक पर स्थापित किया।उसके बाद शनिवार दोपहर एक बजे से ताजिया उठाकर निर्धारित रास्ते से होते हुए करबला पहुंच कर सभी 5 ताजिया का मिलान कर फूल को दफन कर फातिया पढ़कर अपने अपने घर को वापस हुए।मातमी जुलूस के दौरान उमस भरी गर्मी में सत्यम श्रीवास्तव द्वारा शरबत की व्यवस्था किए जाने से जुलूस में शामिल लोगों को बड़ी राहत मिली।जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था को लेकर डीसीपीसी के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन का सहयोग किया। इस मौके पर निजामुद्दीन, ओनौवर अली, हमीद अली, मदारी मियां, अशफाक अहमद, मुन्ना भाई, मुमताज अली, रईस अहमद,आजाद मियां, शाहिद, इफ्तिखार सहित भारी संख्या में पुरुष व महिलाएं शामिल रहीं।

## पुलिस ने अलग - अलग मामले में 2 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**मेजा।** मेजा पुलिस द्वारा अलग - अलग मामले में 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दुष्कर्म का आरोपी थाना स्थानीय के मु0अ0स0 356/ 23 धारा 363/ 366ए/ 376/ 506 भादवि व पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त महेन्द्र कुमार पुत्र गोरेलाल नि. नौवा थाना करछना को शनिवार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र मेजा के पताई मोड के पास से गिरफ्तार किया गया। वहीं चोरी के अभियोग में थाना स्थानीय के मुअसं 357/23 धारा 379 भादवि के वांछित अभियुक्त विजयशंकर उर्फ विजय कुमार उर्फ नन्हकऊ पुत्र फूलचन्द्र निवासी ग्राम छत्तू का पुरा रामनगर थाना मेजा को शनिवार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र मेजा के ग्राम रामनगर के पास से गिरफ्तार किया गया। कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में चोरी की 02 राशि गाय बरामद की गयी। प्रभारी निरीक्षक मेजा राजेश उपाध्याय ने बताया कि दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

# कर्बला पहुंचा ताजिया, अकीदत के फूल दफन


अखंड भारत संदेश





**मांडा।** मोहर्रम की दसवीं पर शनिवार को मांडा में शांतिपूर्ण ढंग से मोहर्रम पर मातम पुस्ती करते हुए ताजिया जुलूस निकालकर मुल्क के सलामती की दुआ मांगी। मोहर्रम के इस भव्य जुलूस में कई अंजुमनों ने मातम कर शहीद इमाम हुसैन समेत उनके साथियों को श्रद्धांजलि पेश की। जुलूस के साथ मांडा खास राजा कोठी ग्राउंड में सभी ताजियों को मिलान कर कर्बला ले जाकर सुपुर्द ए खाक किया। मांडा क्षेत्र से विभिन्न कस्बो से ताजिया निकाल कर मांडा भारतगंज में अंजुमनों ने मातम कर कर्बला पहुंचे अकीदतमंद कर्बला पहुंचे जहां अकीदतमंदों ने फतेहा पढ़ कर शहीदों को याद किया। सुरक्षा के मद्देनजर रखते हुए भारी पुलिस और प्रशासन तैनात रहे। इसी प्रकार क्षेत्र के भारतगंज , कूदर, हाटा के विभिन्न इलाके से दर्जनभर ताजिया लेकर कर्बला ले गए इस दौरान बड़ी संख्या में शामिल लोगों ने या अली या- हुसैन के नारों से चौराहा गूंज उठा। इस मौके पर मातम के साथ नौहा व मरसिया पढ़ा। जिससे लोगों की आँखे नम हो गयी। मौके पर एसडीएम मेजा अमित गुप्ता, सीओ विमल किशोर मिश्र,ईओ भारतगंज बंटी कुमारी, इन्स्पेक्टर मांडा अरविन्द कुमार गौतम, चौकी प्रभारी दुर्गेश सिंह, आशीष कुमार यादव के अलावा राजस्व टीम में अशोक कुमार पाण्डेय के साथ नगर पंचायत भारतगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि जमीर अहमद उर्फ आमिर भाई, शकील टंकी ने त्योहार को सम्पन्न कराने में सहभागिता किया।चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन के साथ पीएसी बल तैनात रहे।

# नौवीं की रात में इमामबाड़े पर अकीदतमंदों ने लंगर बांटे, और मन्नतें मांगी



अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** मोहर्रम के नौवीं की रात में मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में रातभर इमाम बाडे पर जश्न का माहौल रहा।अकीदतमंदों ने बाटे लंगर और मांगी मन्नतें। मऊआइमा में शुक्रवार को मोहर्रम के नौवीं की रात्रि में इमाम बाडे पर जश्न का माहौल व्याप्त रहा। मोहल्ला अबू हलीम पटटी में इमाबाडे पर ताजिया रख कर अकीदमंदों ने मन्नतें मांगी। ताजियादार पीर मोहम्मद के नेतृत्व में इमाबाडे पर लंगर और शीरीनी वितरण कर फातेहा पढी। इस अवसर पर महिलाओं की काफी भीड रही। सभी अपनी अपनी मन्नतें मनवाने के लिए लगी रहीं।ताजिया की साज सज्जा के लिए शहजादे, गुलजार ने अपना योगदान दिए। इस मौके पर चेयरमैन शोएब अंसारी की योगदान के लिए प्रशंसा की गई मौजूदा सदस्य अबू हलीम पटटी दिलशाद अहमद, तथा पूर्व सदस्य शमीम उद्दीन बच्चा,शाहिद अली, सिब्बू, साजिद मास्टर, अनवर अली, साकिब,मोहम्मद आरिफ आदि मौजूद थे।तथा पुलिस प्रशासन की निरंतर डयूटी की प्रशंसा की गई। इसी प्रकार पूरे मियां जी इमाबाडे, मोहल्ला मौलाना इमाबाडे, तीन बत्ती इमाबाडे आदि पर ताजिया रख कर अकीदमंदों ने मन्नतें मांगी। शनिवार को सुबह मोंहदी का जुलूस निकालने के बाद खत्म हुआ।शनिवार को देर रात में निकलेगा कस्बे के सभी इमाबाडे का जुलूस जो रविवार को सुबह खत्म होगा।

### ताजियों को नम आंखों से कर्बला में दफनाया

मऊआइमा। मऊआइमा के ग्रामीण क्षेत्रों में बडी धूमधाम से मनाया गया मोहर्रम।ताजिया निकाल कर ताजियादारों ने क्षेत्र में भ्रमण करते हुए देर शाम शनिवार का कर्बला में दफना दिए। नगर पंचायत मऊआइमा का जुलूस देर रात में निकलेगा। मऊआइमा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र सुलतानपुर खास, छीतेमऊ, गदियानी, सराय बादशाह कुली, सिसवां, मदारी, बांकाजलालपुर, पुरवा, महमदपुर सराय अली, मरखामऊ, जाम्हा, तेजपुर, सरायखव्वाजा, भौंका,महरौंडा, राजेतारा नौगिरा,आदि के अलावा,धीनपुर के रजवापुर में इमाम बाडे पर सोरांव विधायिका गीता पासी ने हाई मास्क लगाए जाने पर ताजियादारों ने विधायिका को धन्यवाद देते हुए। हाई मास्क की रोशनी में ताजिया निकाले। इस अवसर पर निसार अली, मकसूद अली, वाजिद अली, ताहिर अली, बबलू तथा डाक्टर अरूण आदि मौजूद थे।

## 22 भारतीय भाषाओं में प्रकाशित होंगी पुस्तकें

**सहसों।** नई शिक्षा नीति पर बच्चों ने शिक्षा समागम में पीएम मोदी की बातों को ध्यान से सुना। अखिल भारतीय शिक्षा नीति समागम के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने सजीव प्रसारण सुना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ पर अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2023 के उद्घाटन के अवसर पर शिक्षा के महत्व एवं नई जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण बच्चों की अच्छी शिक्षा और पढ़ाई के लिए अब 22 भारतीय भाषाओं में पुस्तकें प्रकाशित होंगी। जिसका लाभ सुदूर ग्रामीण अंचल में रहने वाले बच्चों को मिलेगा तथा बच्चे अच्छे से अध्ययन कर सकेंगे। प्रधानमंत्री के संबोधन को मोबाइल के माध्यम से सभी बच्चों ने बहुत ही ध्यान से सुना। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका गिरजा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 22 भारतीय भाषाओं में प्रकाशन से ग्रामीण बच्चों को अध्ययन में सहूलियत मिलेगी तथा बच्चे असीमित सफलता प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री द्वारा कही गई विद्या के लिए विमर्श और शिक्षा के लिए संवाद जरूरी है को आत्मसात करने से बच्चों का भविष्य सुनहरा होगा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं बच्चे रहे।

# या अली-या हुसैन की गूंजती रहीं सदाएं

अखंड भारत संदेश



**घूरपुर।** यौमे आशूरा पर घूरपुर के दांदूपुर, पालपुर, पिपिरसा, सारंगापुर, इरादतगंज, बोंगी, घूरपुर, अमरेहा, बुंदावा, पंवर, कांटी, करमा, उभारी इलाकों से निकाले गए ताजियों के जुलूस में या अली या हुसैन अलविदा की सदाएं गूंजतीं रहीं। जुलूस के साथ अकीदतमंद कर्बला पहुंचे। वहां पर नम आंखों से ताजिये सुपुर्देआब कर दिए गए। इसके अलावा घरों में लोगों ने शहादतनामें भी सुनें। इस दौरान कर्बला में हजरत इमाम हुसैन की शहादत बयान की। घरों में पकवान बनाकर फातिहा कराया गया। इमामबाड़े में सुबह से ही भीड़भाड़ का सिलसिला शुरू हो गया। कर्बला में जियारत करने के लिए सैकड़ों की तादाद में अकीदतमंद पहुंचने लगे। इसके बाद ताजिया, बुर्राक, अखाड़े मस्जिद व अन्य इमारतें पर एकत्रित हुए। इसे देखने के लिए हजारों का मजमा लगा रहा। ताजिया जुलूस में लोग करतब भी दिखा रहे थे। वहीं बैंड पर या हुसैन, या अली के नारे और मातमी धुन बज रहीं थीं। ताजिया की झलक पाने, मन्नतें मांगने और ताजिया में कलावा व मेवे का सेहरा बांधने वालों की भीड़ लगी रही। अकीदत के साथ लोगों ने ताजिया की जियारत की।इसके बाद सभी ताजिया कर्बला के पानी में ले जाकर ठंडे कर दिए गए। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। बताया जाता है कि इसी दिन हजरत अली असगर को यजिदियों ने एक बूंद पानी मांगने पर शहीद कर दिया था। मुहर्रम की दसवीं को योम ए आशुरा भी कहा जाता है। इस दिन हजरत इमाम हुसैन अपने बहतर साथियों के साथ अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए शहीद हो गये थे। इस दिन मुसलमान रोजा रखते हैं और कुरान की तिलावत करते हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैद रही। थाना प्रभारी भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकन्ने रहे।

**दांदूपुर में जंजीर से मातम को देखने उमड़ी भीड़ तो उभारी में मेले में उमड़ा जनसैलाब**

दांदूपुर में चाकुओं से बंधे जंजीर से मातम कर रहें अकीदतमंदो को देखने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ जुटी रही। यहां पर ताजिये के जुलूस में शामिल छोटे छोटे बच्चों ने अपने हाथों में छोटे छोटे लिए ताजिए और झंडे लिए बच्चे आकर्षण का केंद्र बने रहें। वहीं उभारी में मेले का आयोजन किया गया। आसपास के गांवों की उमड़ी भीड़ ने मेले में लजीज व्यंजनो का लुत्फ उठाया और जमकर खरीददारी भी की। कई गांवों के ताजिया जुलूस में लाठी का करतब दिखाया गया। और बिजली के रॉड शरीर पर तोड़े गए। आकर्षक ताजिया भी लोगों को खूब आकर्षित किया।

## या हुसैन या अली से गूंजा जंघई बाजार निकला मोहर्रम का ताजिया



**जंघई।** मोहर्रम का चांद दिखने के बाद ताजिया बनाकर दसवें दिन जामा मस्जिद जंघई से करबला के लिए हजरत हसन हुसैन की याद मे अकीकदमंदो द्वारा जामा मस्जिद से विभिन्न ताजिया को जंघई बाजार की विभिन्न भागों से होते हुए शानों शौकत के साथ भारी संख्या मे महिलाओं बच्चों पुरुषों के साथ करबला पहुँचाया गया।इस्लाम धर्म की मान्यता के मुताबिक, हजरत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ मोहर्रम माह के 10 वें दिन कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे। उनकी शहादत और कुबार्नी के तौर पर इस दिन को याद किया जाता है कहा जाता है कि इराक में यजीद नाम का जालिम बादशाह था, जो इंसानियत का दुश्मन था यजीद को अल्लाह पर विश्वास नहीं था यजीद चाहता था कि हजरत इमाम हुसैन भी उनके खेमे में शामिल हो जाएं। हालांकि इमाम साहब को यह मंजूर न था उन्होंने बादशाह यजीद के खिलाफ जंग का ऐलान कर दिया। इस जंग में वह अपने बेटे, घरवाले और अन्य साथियों के साथ शहीद हो गए थे।जंघई मोहर्रम जुलूस में कानून व्यवस्था हेतु चौकी इंचार्ज जंघई सुधीर कुमार पांडेय एवं चौकी के समस्त स्टाफ, महिला सिपाही एवं पीएससी मौजूद रहे। ताजिया जुलूस में सलीम अहमद, वकील अहमद, इकबाल अहमद, लियाकत अली, सिद्दिक अहमद, इदरीस अहमद, इलियास अहमद, अलिम अहमद, मुन्ना पठान, गफ्फार अहमद चांद शेख, एजाज, वारिश, तमसुद्दीन, एराजुद्दीन, इबरार अहमद शब्बीर अहमद, शेरु अहमद, अकिल, इश्तियाक, शब्बीर आदि लोग मौजूद रहे।

# कर्बला के शहीदों की याद में कोरांव क्षेत्र में निकला ताजियों का जुलूस



अखंड भारत संदेश

**पसना।** इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मुहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन व उनके साथियों की कर्बला के मैदान में शहादत की याद इस साल भी पूरे कोरांव क्षेत्र में दसवीं मुहर्रम का जुलूस पूरी अकीदत व गमगीन माहौल में मनाया गया। इस्लामिक मान्यता के मुताबिक, सन 61 हिजरी (680 ईस्वी) में इराक के कर्बला में पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे। कोरांव बाजार के साथ ही इलाके के कपुरी, पसना, कोसफरा, महुली, संसारपुर, अल्हवा देवघाट, सिरोखर आदि गांवों में ताजियो का जुलूस निकालकर बड़ी तादात में युवा मातम एवं सीनाजनी करते हुए चल रहे थे। जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं एवम् बच्चे भी शिरकत कर रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से कोरांव थाने की पुलिस थानाध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में हर इलाके पर सतर्क निगाह रखते हुए पूरी तरह मुस्तैद रही।

## सर्व धर्म के लोगों ने निभाई अपनी सहभागीदारी

**कोरांव।** खुदा के रसूल हजरत मोहम्मद साहब के नेवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत के गम में पूरे शानो शौकत से अकीदत मंद लोगों ने ताजिया निकालते हुए इमाम हुसैन की याद में नोहा पढ़ते हुए ताजिया निकाल कर देर शाम कर्बला में दफना दिए। ज्ञात हो कि मोहर्रम का पर्व इमाम हुसैन के शहीदाने कर्बला में नवमी के दिन नवमी की रात जब मैदान ए कर्बला में शहीद हुए थे उन्हीं की याद में उनके अनुयायी मुस्लिम धर्म के शिया सुन्नी बड़े धूमधाम से गमगीन माहौल में मोहर्रम का पर्व मनाते हैं। कोरांव क्षेत्र के न्याय पंचायत महुली, बड़ोखर, खीरी से लेते हुए नगर पंचायत कोरांव में कई दर्जन ताजिया निकाले जाते हैं। रात को इमामबाड़े पर निकालकर दशवीं के दिन दूसरे दिन ताजिया मिलन करके कर्बला में दफना देते हैं। इसी क्रम में कोरांव नगर पंचायत में पूरे क्षेत्र की ताजियों का मिलन मांडावाली रोड पर होता है। जिसमें इमाम हुसैन का लंगर और लोग फातिहाख्वानी करते हैं। ढोल बजाते नौहा पढ़ते लकड़िया खेलते अपने इस्लामिक रीति रिवाज का प्रदर्शन किए। शनिवार को एसडीएम कोरांव अविनाश सिंह यादव,थाना अध्यक्ष विनोद कुमार पुलिस बल के साथ तमाम मीडिया कर्मी सामाजिक कार्यकताओं के साथ मुहर्रम ताजिया कमेटी के पदाधिकारियों के साथ शांति व्यवस्था बनाने में मशगूल दिखे। इस त्यौहार पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता पदाधिकारी कार्यकर्ता भी हिस्सा लिए। इमाम हुसैन की याद में पूरे कार्यक्रमों में लोगों ने हिस्सेदारी निभाई। इस मौके पर मुस्लिम कमेटी के अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, पूर्व चेयरमैन रमेश सोनी, हुसैनी ब्राह्मणों में राजू चौबे, राजेश पांडेय, हरिशंकर मिश्र, बृजेंद्र प्रसाद तिवारी, चुलबुल पांडेय तथा समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य सोमदत्ता सिंह पटेल, रामकृष्ण केसरी, अनूप केसरी, राजकुमार केसरी, मेहताब खान, पीर मोहम्मद एडवोकेट, मोहम्मद यूनुस, शहजादे ग्राम प्रधान लीडर,जाफर अली, युसूफ सहित भारी संख्या में लोग शामिल हुए।





## खबर संक्षेप

### फंदे से लटकती मिली छात्रा का शव, पिता के ड्यूटी पर रहने के कारण अकेली थी अनुष्का

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के बैधनाथ कॉलोनी में रहने वाली छात्रा की लाश शुक्रवार की देर रात फंदे पर लटकती मिली। घटना की जानकारी देर रात पिता के ड्यूटी से आने के बाद जानकारी हुई। छात्रा की मौत का कारण स्पष्ट नही हो सका है। मिली जानकारी के अनुसार अनुष्का कुमारी(17) पुत्री विजय कुमार मूलतः समस्तीपुर (बिहार) के रहने वाले है जो नैनी स्तिथ बैद्यनाथ फैक्ट्री में सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है और वैधनाथ कॉलोनी में ही पिता और पुत्री रहते है अनुष्का की माँ का देहांत काफी समय पहले ही हो गया था अनुष्का एक भाई और बहन थे । अनुष्का का भाई र किसी ट्रेनिंग के सिलसिले में बाहर है यहाँ बैधनाथ कॉलोनी में पिता और पुत्री ही रहते थे। शुक्रवार को विजय ड्यूटी चले गए उसके बाद जब रात में घर वापस लौटे और दरवाजा खटखटाया काफी देर तक खटखटाने के बाद भी दरवाजा नही खुला तो पड़ोस के लोग भी इकठ्ठा हो गए किसी ने खिड़की से अंदर झांक कर देखा तो अनुष्का की लाश फंदे से लटक रही थी काफी प्रयास के बाद दरवाजा को तोड़कर अंदर सभी लोग दाखिल हुए उसके बाद सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# इस बार दाखिले के लिए नहीं जाना होगा प्रवेश भवन, ऑनलाइन होगी प्रवेश प्रक्रिया

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं संघटक कॉलेजों के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। छात्र-छात्राओं के हित को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों को इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं संघटक कॉलेजों में दाखिले के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इसके लिए पहले 28 जुलाई अंतिम तिथि तय की गई थी। अभी तक 57 हजार 969 विद्यार्थी पंजीकरण करा चुके हैं। इनमें से 45 हजार 74 फीस भी जमा कर चुके हैं। यह संख्या पिछले वर्ष से अधिक है।विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने पंजीकरण एवं फीस जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रोफेसर जयंत कुमार के अनुसार पंजीकरण फार्म में यदि कोई गड़बड़ी है तो 31 जुलाई तक उसमें संशोधन भी किया जा सकता है। उनका कहना है कि अब पंजीकरण की तिथि आगे नहीं बढ़ेगी।

**बीए में सबसे अधिक 16193 आवेदन :** विश्वविद्यालय एवं संघटक कॉलेजों के बीए में दाखिले के लिए सबसे अधिक 16193 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। बीएससी में प्रवेश के लिए 12802 आवेदन आए हैं। इनमें से 7468 ने बीएससी गणित प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए फार्म भरा है। बीएएलएलबी एवं बीकॉम में दाखिला इस बार भी आसान नहीं होगा। बीकॉम के लिए 5839 एवं बीएएलएलबी के 6273 आवेदन आए हैं।

**अभ्यर्थियों के लिए विशेष जानकारी :** फैमिली एंड कम्युनिटी साइंसेज विभाग के अध्यक्ष के अनुसार पीएचडी फूड एंड न्यूट्रीशन पाठ्यक्रम के क्रेट लेवल-एक में अनारक्षित के 205, ओबीसी के 165, एससी के 159 एवं ईडब्ल्यूएस के 171 या इससे अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थी लेवल-दो की परीक्षा में शामिल होने के लिए चार अगस्त तक सभी दस्तावेज, शोध पत्र जमा कर दें। एक अन्य सूचना के अनुसार पीएचडी टेक्सटाइल एंड एप्रेल डिजाइनिंग कोर्स की प्रवेश परीक्षा क्रेट लेवल-एक में सामान्य के 172 तक अंक पाने वाले भी क्रेट लेवल-दो में शामिल होने के लिए चार अगस्त तक दस्तावेज एवं शोध पत्र जमा कर दें।अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष के अनुसार क्रेट लेवल-दो का साक्षात्कार 17 अगस्त को सुबह 10 बजे से होगा। एक अन्य सूचना के अनुसार एमए प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए अनारक्षित के 128, ईडब्ल्यूएस के 118, ओबीसी के 112, एससी के 93 या इससे अधिक अंक पाने वाले तथा एसटी के सभी अभ्यर्थी ई-काउंसलिंग पटल पर 29 जुलाई से दो अगस्त के बीच सभी दस्तावेज जमा कर दें। मानव विज्ञान विभाग के अध्यक्ष के अनुसार क्रेट में सफल अभ्यर्थी तीन अगस्त तक शोध पत्र जमा कर दें।

### रास्ते के विवाद में महिला व उसके दो बेटों को घर में घुसकर की मारपीट

**थरवई।** थाना क्षेत्र थरवई के गारापुर सिताऊ का पूरा गांव में शनिवार की दोपहर मे रास्ते के विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर महिला व उसके दो बेटों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया पीड़िता की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध पुलिस ने एफ आई आर दर्ज किया है पीड़िता उषा देवी पत्नी नरेंद्र प्रसाद शनिवार की दोपहर को दवा लेने के लिए डॉक्टर के यहां जा रही थी पड़ोसी वीरेंद्र दुबे ने अपने घर के सामने खड़ंजा मार्ग पर चारपाई बिछा कर रास्ता अवरुद्ध कर दिए थे उषा देवी ने रास्ते से खटिया हटाने को कहा तब विपक्षी वीरेंद्र दुबे श्याम कृष्ण दुबे श्री कृष्ण दुबे एक राय होकर गाली गलौज देने लगे पीड़िता उषा देवी अपने घर के अंदर चली गई तो विपक्षी उसके घर में घुसकर उसके दो बेटे अमन दुबे सिद्धार्थ दुबे पीड़िता उषा देवी को लाठी डंडे से मार पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया शोर गुल सुनकर आसपास के लोगों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी पुलिस के पहुंचने पर विपक्षी गढ मौके से भाग निकले पुलिस ने घायल को थाने पर लाने के बाद उपचार के लिए उपचार हेतु भेज दिया उधर पीड़िता उषा देवी की तहरीर पर थरवई पुलिस ने वीरेंद्र दुबे श्याम कृष्ण दुबे श्री कृष्ण दुबे के विरुद्ध धारा 323 / 504 / 506 / 341 / 452 / 308 का मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जाँच पड़ताल में जुटी पुलिस।

## न्यूज झरोखा

### शिव सर्वज्ञ हैं अविनाशी हैं करते हैं जगत का कल्याण



**सहसों।** पुरुषोत्तम मास के पुण्य काल में भक्तों द्वारा शिवालय एवं घरों में भगवान भोलेनाथ की आराधना उपासना के साथ भोले बाबा को जलाभिषेक, दुग्ध अभिषेक आदि अभिषेकों से इष्ट देव को धूप, दीप नैवेद्य से प्रसन्न कर कष्ट निवारण, सुख, शांति, धन, वैभव आदि की कामना सहित बाबा का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। क्षेत्र के गुलालपुर स्थित प्राचीन बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों द्वारा जलाभिषेक के साथ शिवार्चन, रामचरितमानस का मास पारायण पाठ एवं शिव महपुराण कथा श्रवण का आयोजन भी पुरुषोत्तम मास में चल रहा है। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में चल रही शिव महापुराण कथा को शिव भक्तों को श्रवण कराते हुए कथा व्यास डॉक्टर सूर्यनारायण त्रिपाठी ने कहा कि ईश्वर के प्रति प्रेम भक्ति, सहज भाव एवं समर्पण से ही जीव की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा व्यास ने कहा पुरुषोत्तम मास में भगवान शिव की सच्ची लगन, श्रद्धा भाव, ध्यानपूर्वक पूजा, अर्चना व सहज भक्ति करने से सभी प्रकार के कष्ट एवं सर्व बाधाएं दूर होकर हर मनुष्य का कल्याण होता है। कथा बिश्राम पर आयोजक/कथा प्रेमी प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी सहित उपस्थित भक्तों ने व्यासपीठ एवं भगवान भोलेनाथ की आरती उतारी तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर अधिवक्ता मनीष तिवारी, प्रयाग दत्त तिवारी, रमेश द्विवेदी, पप्पू तिवारी, वाचस्पति, ब्रह्मचारी सहित काफी संख्या में शिव भक्त उपस्थित रहे।


### कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं : कृष्ण मणि



**मांडा।** प्रयागराज मांडा क्षेत्र के गोरैया में शनिवार को परिवर्तन समाज पार्टी की बैठक आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता विशिष्ट अतिथि मेजा विधान सभा अध्यक्ष भोला नाथ सोनकर रहे। बैठक का संचालन विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण मणि गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ होते है। इसलिए कार्यकताओं का सम्मान बहुत जरूरी है पार्टी में अधिक से अधिक लोगो को सदस्यता दिलवाने का कार्य करे तभी पार्टी मजबूत होगी इस दौरान कुछ पदाधिकारियों को मनोनित किया गया। जिसमे विनोद सोनकर को मांडा ब्लाक अध्यक्ष ,विकास सोनकर को मांडा ब्लाक सचिव,आकाश गुप्ता मांडा ब्लाक उपाध्यक्ष,धर्मदास गुप्ता मांडा ब्लाक महामंत्री,अमरनाथ गुप्ता विधान सभा सचिव,राजेंद्र सिंह ठाकुर विधान सभा उपाध्यक्ष, आनंद कुमार गुप्ता मांडा सेक्टर अध्यक्ष,विष्णु गुप्ता विधि प्रकोष्ठ मेजा विधान सभा उपाध्यक्ष,हिमालय गुप्ता को विधि प्रकोष्ठ का मेजा विधान सभा अध्यक्ष मनोनित किया। कृष्ण मणि गुप्ता ने पार्टी के सभी कार्यकताओं को बधाई देते हुए पार्टी के संगठन को मजबूत करने की अपील की इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री छात्र संघ जितेंद्र गुप्ता,पवन कुमार गुप्ता, ननकाऊ गुप्ता, मनोज कुमार, रामसागर, सूर्यमणि, सलामत अली, तीर्थ कांत, ,संदीप कुमार,कमलेश कुमार,अमित कुमार,पृथ्वी राज,संजय कुमार, श्याम लाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा है देश की शान : प्रेम शंकर सिंह

**विनोद विश्वकर्मा**



**सिरसा मेजा।** अंगीकरण दिवस राष्ट्र के गौरव का महत्व पूर्ण दिन है देश की आन बान और शान हमारा तिरंगा झंडा है । झंडा ऊंचा रहे हमारा विजयी विश्व तिरंगा प्यारा । उक्त उदगार वरिष्ट भाजपा नेता तथा मेजा क्षेत्र के छतवां गाँव निवासी प्रेम शंकर सिंह बीते शनिवार को राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए व्यक्त किये उन्होने कहा देशवासी जब राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के सामने खड़े होते है तो उन्हे काफी गर्व होता है। कि हम भारत जैसे देश के रहने वाले हैं। 22 जुलाई सन 1947 को भारत ने राष्ट्रीय ध्वज को अंगीकरण किया था तब से यह दिन राष्ट्र के गौरव का महत्व पूर्ण दिन माना जाता है देश की आन बान और शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा त्याग बलिदान,शांति और एकता का प्रतिक हैं। जो हर भारत वासी को गौरवान्वित करता है ।भाजपा नेता प्रेम शंकर सिंह ने आगे कहा कि जब तिरंगे को सलामी दी जाती हैं तो हर भारत वासी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है ।देश की सीमा पर मुस्तैदी से तैनात हमारे बीर जवान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा की सुरक्षा एवं आन बान शान के लिए राति दिन सीमा पर देश के दुश्मनों पर पैनी नजर रखे हुए हैं । ऐसे बीर जवानो के लिए हमारा शत शत नमन है। इतना ही नही उन्होने यह भी कहा कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेलो में जब हमारे देश के खिलाड़ी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर मैदान पर उतरते हैं और राष्ट्रगान का उच्चारण स्वर से स्वर मिला कर गाते हैं तो काफी गर्व महसूस होता है और बरबस उनके स्वर में स्वर मिला कर हर देशवासी के जुबान से झंडा ऊंचा रहे हमारा विजयी विश्व तिरंगा प्यारा निकल पड़ता है। श्री सिंह ने आजादी के समय अपनी प्राणों की आहुति देने वाले बीर सपूतो की यादों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा एक समय था जब पूरा राष्ट्र अपनी पहचान के लिए हर कुबार्नी देने के लिए आगे खड़ा रहता था ।उनके जज्बे के साथ पुरा देश कदम से कदम मिलाकर साथ देने के लिए तैयार रहता था। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को सलाम करते हुए कहा कि तिंरगा झंडा प्रत्येक भारतीयों के लिए गर्व का प्रतीक है । श्री सिंह ने आगामी आने वाले स्वत्रंता दिवस के पावन अवसर पर समस्त देशवासियों क्षेत्रवासियों, गांव वासियो से घर घर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा लगा कर आजादी के इस पर्व को भव्य उत्सव की भांति मानने की अपील किया है।

## अवंतिका कालोनी मे जलापूर्ति में घोर लापरवाही, महापौर से मिला समिति का प्रतिनिधि मंडल, दिया ज्ञापन

**नैनी।** नैनी अवंतिका कालोनी नैनी मे पेयजल आपूर्ति की जटिल समस्या एवं समाधान को लेकर शनिवार को अवंतिका विकास समिति का एक प्रतिनिधि मंडल प्रयागराज के महापौर गणेश केशरवानी से मिला तथा जल कल विभाग की घोर लापरवाही एवं अकर्मणता के बारे में अवगत कराया। अवंतिका विकास समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने ज्ञापन देते हुए बताया कि नैनी मे पेयजल आपूर्ति मे भारी घोटाला है। जिम्मेदार अधिकारी कभी अपने कार्यालय मे उपस्थित नही मिलते तथा शिकायतो को नजरन्दाज कर देते है। आज तक घरों के अंदर बिना मोटर (पम्प) के पानी कभी नहीं पहुचा। ऐसे मे नागरिकों को बिजली एवं पानी बिल का दोहरा भार उठाना पड़ता है। ऐसे में बिना पानी उपलब्ध कराये जलकल विभाग द्वारा पानी का पैसा वसूलना कहीं से भी न्यायसंगत नहीं है। सिंह यह भी बताया कि दशको से टंकी की सफाई नहीं होने से टंकी का अधिकांश भाग तो बालू मिट्टी से पटा हुआ है जिसमे छमतानुसार पानी का भंडारण सम्भव ही नही, साथ ही जल वितरण हेतु जो घटिया पाइप लाइन बिछाई गई हैं वह भी जर्जर हो चुकी है, जिसकी वजह से जलकल के अधिकारी आवश्यक दबाव के साथ पानी छोड़ने से मना करते हैं। उनका मानना है कि यदि थोड़ा भी प्रेशर बढा तो सड़ी पाइपे फट जायेंगीं। इसके अलावा बाधित बिजली का रोना अक्सर ही बना रहता हैं। इसी बहाने पानी की सप्लाई बंद कर दी जाती है। प्रतिनिधि मंडल ने पानी टंकी की सफाई कराकर शुद्ध व पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चत कराने, पानी का दबाव (प्रेशर) बढ़ाने, जर्जर व पुराने पाइप लाइन की जगह जनसंख्या के अनुरूप नई पाइप लाइन बिछाने, बाधित विद्युत आपूर्ति को ध्यान मे रखते हुए टियुबवेलों पर जनरेटर लगाने, शुद्ध पेयजल की समुचित आपूर्ति की व्यवस्था कराये बिना जलकर वसूली रोकने की मॉग करते हुए महापौर से जनहित में पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था कराने का अनुरोध किया। जिस पर महापौर ने जलकल विभाग के महाप्रबन्धक को फोन पर समस्याओ के तत्काल समाधान हेतु निर्देशित किया। प्रतिनिधि मंडल मे प्रमुख रूप से विनोद शंकर तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा, समिति के उप संयोजक संजीव गुप्ता, सुनील साहनी आदि शामिल रहे।

### मऊआइमा थाना पडाव चौराहे से दिनदहाड़े बाइक चोरी



**मऊआइमा।** मऊआइमा में चोरी का सिलसिला थामने का नाम नही लेरहा है ।दिनदहाडे थाना पडाव चौराहे से चोरों ने बाइक उडा दी। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मऊआइमा थाने में तहरीर दी है। एक चोर की तस्वीर सीसी कैमरे में कैद हो गई है। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला हजियाना निवासी मोहम्मद राईस पुत्र मोहीब उल्ला शनिवार को दोपहर में मऊआइमा थाना पडाव चौराहे नेशनल हाईवे के निकट बाइक खडी करके दवा लेने लगा। जब मोहम्मद रईस वापस लौटा तो उसकी बाइक नदारद थी। बहुत तलाशने के बाद जब बाइक नहीं मिली तो मोहम्मद रईस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। हालांकि सी सी कैमरे में एक चोर की फोटो आयी है। जिसकी शिनाख्त नहीं हो पा रही है।

### शिव यात्रा आज विशाल यज्ञ और भंडारा को सफल बनाने के लिए निकली गई रैली



**लालापुर।** शनिवार आचार्य हरी कृष्ण शुक्ल (भाजपा नेता) ने गाजे बाजे के साथ निकली शिवा यात्रा जो सुबह दस बजे से जसरा, रिगवा मोड़, टिकरी कला, बारा तहसील, अस्वा, धरा, घूरपुर, मानपुर से होते हुए लगभग 50 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए मनकामेश्वर मंदिर शाम पांच बजे तक पहुंचेगी। शिव यात्रा के संयोजक और मार्गदर्शक दीपक शुक्ल के साथ ग्राम प्रधान शंकरलाल पाण्डेय, भोले उपाध्याय, सोनू सिंह, मिलन प्रजापति, धीरेंद्र साहू, ओलंगा, अखिलेश त्रिपाठी, विनय दिवेदी, पंकज, जयपाल सिंह आदि सैकड़ों युवाओं ने पूरी तन्मयता के साथ भगवान शिव यात्रा सामिल थे। शिव यात्रा आज को लालापुर के मनकामेश्वर मंदिर में होने वाले विशाल यज्ञ और भंडारा के सफलता के लिए निकली जा रही है। साथ ही साथ यात्रा के माध्यम से शिव भक्तो को ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने के लिए निमंत्रित किया गया।

### सूखे की मार झेल रहे जमुनापार के किसान सांसद से मिले



**करछना।** किसानों की समस्याओं को लेकर करछना के खांई गांव निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता और करछना विधानसभा क्षेत्र के सदस्यता प्रमुख विष्णु शुक्ला ने प्रयागराज की सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी से शनिवार को मिलकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इलाकाई किसान सूखे की मार झेल रहे हैं। उन्होंने सांसद से क्षेत्र की सभी नहरों में अबाध गति से सिंचाई विभाग की ओर से चलाए जाने और शासन की मंशा के अनुरूप बिजली मुहैया कराए जाने की मांग की। इसके साथ ही साथ अधिकांश राजकीय नलकूप विभिन्न यात्रियों के चलते ठप पड़े हैं । ज्यादातर ठप पडे सरकारी नलकूपों को शीघ्र चालू कराए जाने की मांग की। सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से संज्ञान में लेती हुई सिंचाई विभाग नलकूप विभाग व बिजली विभाग के आला अफसरों से नहरों में पर्याप्त पानी छोड़े जाने व ठप पडे सरकारी नलकूपों का शीघ्र संचालन किए जाने और बिजली विभाग से पर्याप्त मात्रा में बिजली की सप्लाई किए जाने की उन्होंने दूरभाष के जरिए तुरंत बात की।

### खाद्य संग्रह भण्डार नैनी में मीडिया विजिट का कार्यक्रम आयोजित किया गया



**नैनी।** नैनी भारतीय खाद्य निगम के अधीन खाद्य संग्रह भण्डार, नैनी में मीडिया विजिट का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बजरंगलाल अग्रवाल मंडल प्रबंधक प्रयागराज, सप्तऋषि मंडल सहायक महाप्रबंधक भीमाचंद गौतम, आर एमओ प्रयागराज, विपिन कुमार डीएफएमओ प्रयागराज, श्याम सुन्दर सिंह, कारगिल योद्धा समाज सेवक एवं भा.खा.नि. के प्रबंधक डिपो, प्रबंधक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे उपस्थित सभी प्रतिष्ठित पत्रकार एवं मीडियाकर्मियों को किसानो के हितों के लिये भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं,भा.खा.नि. के डिपो के कार्यप्रणाली एवं मंडल में गेहूँ व धान की खरीद से संबंधित जानकारी साझा की गई। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि उत्तर प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के दौरान धान की रिकॉर्ड खरीद की गई हैं उत्तर प्रदेश में धान व गेहूं की खरीद ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के दौरान 9.47 लाख कृषकों से 65.53 लाख मीट्रिक टन धान क्रय हुआ जिसके लिए कुल रु०12541.57 करोड़ का भुगतान न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में किया गया खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के दौरान 10.95 लाख कृषकों से 65.50 लाख मीट्रिक टन धान क्रय हुआ जिसके लिए कुल रु०13366.97 करोड़ का भुगतान न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में किया गया। इसी तरह भा.खा.नि मंडल कार्यालय प्रयागराज के अधीन पड़ने वाले चार राजस्व जनपदों प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर व प्रतापगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के दौरान 73 हजार कृषकों से 4.83 लाख मीट्रिक टन धान क्रय किया गया जिसके लिए कुल रु० 910.45 करोड़ का भुगतान न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में किया गया खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के दौरान 1,04,117 कृषकों से रिकार्ड 5.23 लाख मीट्रिक टन धान क्रय किया गया जिस के लिए कुल रु०1067.52 करोड़ का भुगतान न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में किया गया।

### मूक बधिर बच्चों के बीच खाद्य सामग्री वितरण एवं पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन



**प्रयागराज।** पारस फाउंडेशन के प्रबंधक के जन्मदिवस के अवसर पर सदस्यों ने जॉर्ज टाउन स्थित मूक बधिर विद्यालय में केक काटा, बच्चे बहोत खुश हुए बच्चों के साथ केक करवाने के बाद खाद सामग्री वितरित कर उनके साथ सभी ने बैठकर जलपान किया, जलेबी केला केक इत्यादि वितरित किए गए। इसके उपरान्त परिसर में आंवले, बेल, अमरूद इत्यादि के पौधे बच्चों के साथ लगाए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुभाष तिवारी, मधुमिता नाथ, अरुण निषाद, कंचन मौर्य, शुभेन्द पांडेय एवं समिति के प्रबंधक दीप द्विवेदी उपस्थित रहे। वहां उपस्थित बच्चों ने सभी का धन्यवाद दिया।

# शान ओ शौकत साथ निकला मोहर्रम का जुलूश

## ताजिया के साथ निकले जुलूस को देखने उमड़ा लोगों का हुजूम





**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** क्षेत्र में मोहर्रम का जुलूस पूरे शानो शौकत के साथ निकला ताजिया के साथ निकले जुलूस को देखने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। ढोल नगाड़े की धुन पर युवा हाथो में लिए पारंपरिक शास्त्रों का प्रदर्शन करते नजर आए। झूंसी हवेलिया, कोहना, नई झूंसी, मलावा, कनिहार में ताजिया के साथ मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। लोगों ने गमगीन मसायब ए हुसैन पढ़ें नोहा पढ़ते हुए जुलूस को इमामबाड़े से बाहर लाकर कर्बला पर पहुंचकर संपन्न कराया। इस मौके पर खुर्शीद अहमद, तौहीद खान, अकरम खान, जुनैद, मो. अयाज उर्फ गुड्डू, नसीब खान, सभासद गुल फिरोज, अनिल यादव, रियाज अंसारी, रिजवान अहमद के साथ बड़ी तादाद में बच्चे महिलाएं भी जुलूस में शामिल रही। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स तैनात रही। इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह फोर्स के साथ गस्त करते नजर आए।

हाय सकीना हाय प्यास की सदाओं के साथ अंधेरा कर निकला शामें गरीबां का जुलूस चौदह सौ साल पहले करबला के मैदान में शहीद हुए उम्मते मुसलिमा के रसूल हजरत मोहम्मद ए मुस्तफा के चहेते नवासे हजरत इमाम हुसैन व अन्य खानदाने रिसालत के शहीद हो जाने के बाद यजीदी लश्कर द्वारा खैमों में आग लगा देने और सैदानियों के सरों से चादरें छीनने के साथ लूट पाट का बाजार गर्म हो गया। बीबीयां सर बरैहना कभी एक लाशें के करीब तो कभी दूसरे लाशें के करीब पहुंच कर वी फरयाद करती रहीं।उस दर्दअंगेज अंधेरी रात और बियाबान के मंजर की याद में झूंसी में घरों की सभी लाईटों को बन्द कर या हुसैन या हुसैन की सदाओं के साथ जुलूस निकाला गया।

### ढोल को लेकर कर्बला में कहासुनी, वापस लौटते दो पक्षों में पथराव

**प्रयागराज।** मोहर्रम पर्व पर मातमी जुलूस व ढोल बजाने को लेकर दो मोहल्लों के बीच हुए वाद विवाद नोकझोंक ने बाद में तूल पकड़ लिया। कर्बला से वापस होते हुए खानजहानपुर और रावा मोहल्ला के बीच कहांसुनी के बाद ईट पत्थर चलने लगे। सूचना पाकर थाना अध्यक्ष अनूप सिंह और चौकी प्रभारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस को आता देख दोनों ओर के शरारती तत्व फरार हो गए। पुलिस ने दोनों ओर से बड़े बुजुर्गों के बीच वार्ता कर मामला शांत कराया। इधर एक मामला शांत करते ही दूसरा लाला का पूरा और बरौंधा के बीच मारपीट की सूचना पुलिस को हुई तो वहां के लिए पुलिस रवाना हो गई। मामले में चौकी प्रभारी सूर्य प्रकाश दुबे का कहना है कि दोपहर में ढोल बजाने को ले कर विवाद हुआ था, मोहर्रम जुलूस समाप्त होने के पश्चात दोनों पक्ष लौट रहे थे खानजहानपुर व पुनः कहासुनी हो गई। दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत करा दिया गया है।

# जियारत को उमड़ा अकीदत मंदो का सैलाब नम आंखों से दफन किये ताजिया, चढ़े फूल

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** नैनी में पुलिस प्रशासन के साथ सड़क पर उत्तरी एसपीओ पुलिस मित्र की टीम कराया मोहर्रम जुलूस को सकुशल संपन्न। उप जिला अधिकारी करछना उपयुक्त यमुना नगर एसीपी करछना प्रभारी निरीक्षक नैनी एवं समस्त चौकी प्रभारी के दिशा निर्देश पर एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभय राज सिंह के निर्देश पर एसपीओ टीम के उप प्रभारी परवेज अहमद की अगुवाई में एसपीओ टीम भीड़ नियंत्रण व्यवस्था में मुस्तैदी से मौजूद रही।

नैनी माहे मोहर्रम की, दसवीं को चक फैजुल्ला व जेल रोड की मेहंदी उठाई गई मेहंदी को बड़े उम्दा तरीके से सजाया गया माली ने फूलों की मीनाकारी से जो रंग भरा है काबिले तारीफ है। या अली या हुसैन नारे तकबीर अल्लाह हो अकबर बा बुलंद आवाज के साथ मेहंदी उठाई गई। रटेशन रोड डाकखाना जेल रोड चकदोदी अरैल मोड पुरा फातेमोहमद उत्तरी लोकपुर कर्बला या अली या हुसैन का नारा बुलंद होता रहा लंगर होता रहा लोग जियारत करते रहे औरतों ने मन्नत मांगी बच्चों को बोसा कराया। वार्ड नंबर 20 के पार्षद राकेश जायसवाल एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष भी जुलूस के साथ सामिल रहे। विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र की टीम ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर मोहर्रम के जुलूस को सुचारू रूप से संपन्न कराने में एसपीओ पुलिस मित्र की टीम मुख्य भूमिका निभाई। संपन्न कराने में मुख्य रूप से उपस्थित रहे एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र सिंह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा सीनियर एरिया इंचार्ज रामजी जयसवाल एवं सुशील शर्मा दीपक केसरवानी प्रदीप कुमार राजू वर्मा संजू वर्मा मैं फिरोज इकराम उल्ला गुड्डू विवेक पाल अरविंद कुमार सुरेंद्र गुप्ता मनीष रावत मयंक कुमार अश्वनी शर्मा मोहम्मद आरिफ सौरभ प्रजापति रामजी सलीम आदि एसपीओ टीम के जवान जुलूस में तैनात रहे।

# भारी सुरक्षा के बीच मोहर्रम पर करबला में दफन हुए ताजिये

## जुलूस के दौरान अखाड़ों ने दिखाए करतब, घंटाघर पर जर्दा व शरबत भी पिलाये गये

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारी सुरक्षा के बीच मोहर्रम पर विभिन्न अखाड़ों द्वारा शानो-शौकत के साथ ताजिये निकाले गये। देर शाम मिलान के बाद करबला में ताजिये दफन किये गये। जुलूस के दौरान विभिन्न अखाड़ों द्वारा करतब दिखाये गये। अलहुसैन अखाड़े द्वारा जंजीरी मातम किया गया तो लोको अखाड़े द्वारा हैरतअंगेज कारनामे दिखाये गये। इस दौरान चैक घंटाघर पर लंगर का भी आयोजन किया गया। अकीदतमंदों को जर्दा, बिरयानी, पुलाव खिलाया गया व शरबत पिलाया गया।

मोहर्रम की दसवीं पर जुलूस निकालने व करतब दिखाने के लिये सभी अखाड़ों ने अपनी-अपनी झांकियां निकालीं। मक्के और मदीनों तथा दुलदुल घोड़े की झांकी को भी पूरे मनोयोग से सजाया गया था। अखाड़ों में करतब दिखाने वाले युवाओं ने लाठी, भाला, तलवार व चाकूओं से हैरतअंगेज प्रदर्शन किये। नगर में लोको अखाड़ा, खाड़ा पल्टन बाजार, जांबाज अखाड़ा खुशखुशवापुर, अल हुसैन अखाड़ा सिप्तैन रोड तथा सदर बाजार अखाड़ा सदर बाजार मोहल्ले से जुलूस के साथ पूरी शानो-शौकत के साथ निकाला गया। इस दौरान अखाडे. में शामिल लोगों द्वारा डंका पीटा जाता रहा। जुलूस में सैकड़ों की संख्या में बच्चे, बूढ़े और महिलाएं सभी शामिल लोग शामिल रहे।

सभी अखाड़े शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए चैक घंटाघर पर एकत्र हुए और हैरतअंगेज प्रदर्शन करते हुए करबला की तरफ जाते रहे। जुलूस के दौरान अखाड़े के युवकों द्वारा जांबाजी के करतब का भी प्रदर्शन किया गया। खासकर युवाओं में लाठी, भाला, तलवार और चाकू के प्रदर्शन करने को लेकर खासा उत्साह दिखा। सुरक्षा व्यवस्था के लिये पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी तरह से सुरक्षा व्यवस्था चैकस रही।



नगर में ताजिया निकालते अकीदतमंद।

### लाठी खेल के दौरान दो पक्ष भिडे, गाली-गलौज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत सिटी में मोहर्रम के अवसर पर लाठी खेल के दौरान दो पक्ष आपस में भिड़ गये। इससे अफरा-तफरी मच गई। आपस में हुई जमकर झड़प के साथ ही गाली-गलौज भी हुई। बता दें कि मुहर्रम के अवसर पर बीती रात तीन बजे से लाठी का खेल हो रहा था। इसी दौरान दो पक्ष आपस में भिड़ गये। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंचे सिटी चैकी इंचार्ज व हमराहियों की कड़ी मशक्कत के बाद मामला शांत हुआ।

## हुसैन की शहादत पर सीनाजनी और मातम में भर आयीं अजादारों की आंखें

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार को भरी सुरक्षा बलो के बीच जगह-जगह मुहर्रम के पर्व पर ताजिया के साथ जुलूस निकाला गया। हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर अजादारों ने सीनाजनी और मातम किया। वहीं मोहर्रम पर कुछ जगह मजलिस में हजरत अली की शहादत की दास्तान भी सुनाई गयी। मातमी जुलूस खालसा तिराहे खानापटटी, लालगंज बाजार से निकलकर तहसील रोड होते हुए कालाकांकर, अस्पताल रोड होते हुए खानापटटी के करबला में दफन हुआ। वहीं क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर, रायपुर तियांई, ढिगवस, डीहमेंहदी, जलेशरगंज, रामपुर बावली, पिंजरी, रेहुआ लालगंज, सांगीपुर, मुस्तफाबाद, दीवानगंज आदि जगहों पर भी अकीदतमंदो ने मातमी का जुलूस निकालकर हजरत इमाम हुसैन की याद को ताजा किया। चैक पर मजलिस में हजरत मौलाना रहमानी मियां ने लोगों से कुरान की तालीम को अमल करने पर जोर दिया। उन्होने कहा कि अल्लाह से मुसलमानों पर अहलेबैत की मोहब्बत को फर्ज किया है। इस मौके पर शिव पूजन, शोहराब आलम, ददन सिंह, विनोद सिंह, मो मुंशी राजा, एबादुर्रहमान आदि मौजूद रहे।



बलवा टेजडिंग के दौरान फायरिंग करते पुलिस कर्मी।

## पुलिस लाइन ग्राउण्ड में बलवा ट्रेनिंग का हुआ प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर पुलिस लाइन ग्राउंड में आज शनिवार को सरकारी असलहे से फायरिंग कराते हुए बलवा ट्रेनिंग का प्रशिक्षण हुआ। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी विद्यासागर मिश्रा एवं अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्रा और सीओ सिटी करिश्मा गुप्ता एवं सीओ सदर अमरनाथ एवं अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा सरकारी असलहे से फायरिंग कराते हुए बलवा ट्रेनिंग का प्रशिक्षण एवं अभ्यास किया गया। वहीं दूसरी ओर पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी एवं निचले स्तर के अधिकारी हाथ गोला फेंकते हुए प्रशिक्षण एवं अभ्यास करते नजर आए।

### मोटर चोरी, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों ने गुरूवार की रात खेत मे लगे मोटर पम्प को चोरी कर लिया। पीडित कोतवाली लालगंज के जैनपुर निवासी जगन्नाथ के पुत्र रामकुमार ने चोरी की घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## आठ नामजद समेत कई अज्ञात के खिलाफ दहशतगर्दी व जानलेवा हमले का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर पीड़ित पर जानलेवा हमले मे आठ नामजद तथा कुछ अज्ञात आरोपियो के खिलाफ बलवा, मारपीट, दहशतगर्दी व धारदार हथियार से हमले समेत गंभीर धाराओं मे शुक्रवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज के सराय जगत सिंह निवासी चंद्रभूषण पाण्डेय के पुत्र रविशंकर पाण्डेय ने दी गई तहरीर मे कहा है कि अटठाईस जुलाई को जमीनी विवाद को लेकर गांव के छोटे लाल के पुत्र पवन वर्मा व शिव वर्मा तथा गुरूदीन के पुत्र छोटे लाल वर्मा व मोहनलाल के पुत्र रामपाल वर्मा व सुनील वर्मा तथा सुन्दर लाल के पुत्र भुइला, कृष्ण कुमार, रामू और इनके साथ कुछ अज्ञात बाहरी व परिवार के सदस्यों ने तमंचे तथा धारदार हथियार से लैस होकर हमला बोल दिया। आरोपियो ने पीडित को गाली देते हुए लाठी डंडे व कुल्हाडी तथा फावड़ा से जानलेवा हमला कर दिया।

हमले मे पीड़ित को गंभीर चोटें आयी। आरोपियो ने जानलेवा हमले मे तमंचे से पीडित को दौडाते हुए फायर भी झोंका। विपक्षियों के जानलेवा हमले को लेकर गांव तथा आसपास के लोग डर गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पवन वर्मा समेत आठ नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ सेवेन सी-एल एक्ट की भी धारा में बढोत्तरी की है।

### घर में रखा जहरीला पदार्थ खाने से युवक हुआ अचेत, भर्ती

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के छिंदौरा गांव निवासी सत्येंद्र सिंह शुक्रवार की देर शाम लगभग सात बजे परिजनों से किसी बात को लेकर हुई कहा सुनी के दौरान घर मे जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे वह अचेत हो गया। आनन फानन मे परिजन लोग नजदीकी सीएससी अस्पताल ऊंचाहार ले गये जहां चिकित्सक द्वारा उपचार किया जा रहा है। इस बाबत जानकारी करने पर सीएससी चिकित्सा प्रभारी ऊंचाहार डा0 मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि सत्येंद्र सिंह जहरीला पदार्थ खा लिए थे जिससे अचेत हो गया है समय से अस्पताल आ जाने से खतरे से बाहर है। जहरीला पदार्थ खाने का कारण पता नहीं चल सका।

# विकसित भारत निर्माण को साकार करेगा नव भारत साक्षरता कार्यक्रमः प्राचार्य

## अतरसण्ड में आयोजित संदर्भदाताओं के प्रशिक्षण का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में निहित व्यापक और गहरे परिप्रेक्ष्य के साथ ही भविष्य के भारत के सरोकारों के संबंध में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की प्रासंगिकता अतिमहत्वपूर्ण है। भविष्य के शिक्षित भारत की कल्पना वास्तव में तभी साकार होगी जब भारत के सभी नागरिक सुशिक्षित और सुसाक्षर होंगे। यह विचार प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, अतरसण्ड में आयोजित सन्दर्भ दाताओं के प्रशिक्षण के समापन सत्र में व्यक्त किया।

राष्ट्र भाषा हिन्दी के डायट प्रवक्ता अमरेन्द्र मिश्र ने शिक्षकों से बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में उल्लिखित व्यवस्था के अन्तर्गत निरक्षरता के पूर्ण उन्मूलन को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने नव भारत साक्षरता कार्यक्रम पिछले साल एक अप्रैल को लागू किया था। उत्तर प्रदेश इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक रूप से प्रतिबद्ध है। सामाजिक विज्ञान प्रवक्ता एवं प्रशिक्षण प्रभारी श्रीमती सुचिता तिवारी ने कहा कि नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 वर्ष की आयु वर्ग के असाक्षरों को ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड से प्रशिक्षित स्वयंसेवकों द्वारा पढ़ना-लिखना एवं अंक ज्ञान सिखाया जायेगा। प्रवक्ता विवेक तिवारी ने कहा कि इस योजनान्तर्गत असाक्षरों को जीवन के महत्वपूर्ण जीवन कौशल, जैसे वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, आपदा प्रबंधन, वाणिज्यिक कौशल, बाल देखभाल और शिक्षा,स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के मुद्दों बल दिया जा रहा है। बाबा बेलखरनाथ धाम के शिक्षक डा० विनोद त्रिपाठी ने बताया कि मानव आहार संबंधी आदतों, व्यायाम, योग, तंबाकू के उपयोग की समाप्ति, प्राथमिक चिकित्सा देखभाल और सड़क यातायात दुर्घटना के प्रबंधन, स्थानीय रोजगार प्राप्त करने की दृष्टि से व्यावसायिक कौशल विकास की सीख प्रदान की जा रही है। प्रशिक्षण के समापन पर डायट के प्रवक्तागणों में जितेंद्र यादव, करुणेश शुक्ल, फिरोज खान, डा० दुर्गेश कुमार, डा०विजय कुमार, बेसिक शिक्षकों में राघवेंद्र उपाध्याय, प्रेम कुमार यादव मान्धाता, आशीष ओझा, प्रताप बहादुर चैधरी, इन्द्रमणि सिंह यादव, अशोक सिंह, अजीत दूबे, कलीमुद्दीन नगर, नैतिक सिंह, राहुल शर्मा, प्रसिद्ध कहानीकार राजीव सिंह, धर्मेन्द्र बहादुर सिंह और जगदीश कुमार आदि ने नव साक्षरता विषयक विचार व्यक्त किया।



प्रशिक्षण समापन पर बोलते प्राचार्य अशोक कुमार सिंह।

# संसद सत्र में मोदी सरकार के मंत्रियों का आचरण लोकतंत्र का अपमानः प्रमोद तिवारी

## विधायक मोना की ओर से प्रमोद तिवारी ने ग्रामीणों को सौंपी सड़क सौगात

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता, स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर संसदीय परम्पराओं तथा संविधान में लोकतंत्र की आत्मा को लगातार चोट पहुंचाने को लेकर कडा हमला बोला है। शनिवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लालगंज में मीडिया से रूबरू होते कहा कि संसद सत्र के दौरान प्रधानमंत्री मोदी तथा उनके मंत्री राष्ट्रीय मसलों पर जबाबदेही से बच रहे हैं। वहीं उन्होंने ननौती के कैथन का पुरवा में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से स्वीकृत करायी गयी नौ सौ मीटर पचपन लाख रुपए की लागत के पिच मार्ग का भी समारोहपूर्वक आधारशिला रखी। प्रदेश में बिजली संकट पर भी प्रमोद तिवारी ने सूबे की सरकार पर जमकर हमलावर दिखे। इधर रामपुर खास के ननौती के कैथन का पुरवा में राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने पिच मार्ग की ग्रामीणों को सौगात सौपी। यहां जनसभा में उन्होने क्षेत्र के बहुमुखी विकास में विधायक आराधना मिश्रा मोना के सफलतम प्रयासों की सराहना भी की।

जनसभा की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू व संचालन केके सिंह ने किया। जनसभा को यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी, राजन सिंह, राजू सिंह, धर्मेन्द्र सिंह गुडडू, राजू मिश्र, बद्री जायसवाल, संदीप यादव, महेन्द्र सिंह, डा. अमिताभ शुक्ल, कामता प्रसाद तिवारी, नीरज सिंह, पवन गुप्ता, गयादीन पासी, राम अधार कोरी, मुन्ना सिंह, बाल गोविन्द सिंह, वीरेन्द्र प्रताप सिंह आदि ने भी संबोधित किया। श्री तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचकर दर्शन पूजन किया। यहां बाबा के आनलाइन आरती दर्शन समेत संचार मंत्रालय की मिलने वाली सौगातों को लेकर श्रद्धालु प्रमोद तिवारी से मिलकर खुशी भी जताते दिखे। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केडी मिश्र, ददन सिंह, आदि रहे।



सड़क परियोजना का शिलान्यास करते सांसद प्रमोद तिवारी।

## आधा दर्जन के खिलाफ बलवा व धमकी का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने बलवा व जानलेवा धमकी को लेकर केस दर्ज किया है। उदयपुर के कुम्भीआइमा निवासी बरकत उल्ला के पुत्र बबलू ने दी गई।

तहरीर मे कहा है कि शुक्रवार को सुबह लगभग आठ बजे विपक्षी उसकी जमीन पर अतिक्रमण करने लगे। विरोध करने पर गांव के ही राजू, संदीप व संत प्रसाद पुत्रगण भागीरथी गुप्ता, हेमवती, मनोज कुमार की पत्नी निर्मला, संतप्रसाद की पत्नी रेखा, व राजू की पत्नी अनीता गालीगलौज करने लगे। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपियों ने उसे लाठी डंडे से पीट कर चुटहिल कर दिया। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर उदयपुर पुलिस ने शनिवार को आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### पैसा छीनकर भाग रहे अपाची सवार बदमाश वाहन से भिड़े, गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कालाकाकर लालगंज राज मार्ग के नवाबगंज थाना क्षेत्र के रेवली मोड़ चैराहे पर बीती रात अपाची सवार दो युवको ने नवाबगंज थाना क्षेत्र के मुरस्सापुर निवासी गुड़िया पत्नी वसीम जो अपने देवर के साथ बाइक से संग्रामगढ़ दवा लेनें जा रही थी। पीछे से आ रहे अपाची सवार दो बदमाश फिल्मी स्टाइल में चलती बाईक से महिला का पर्स छीनकर भागने लगे जो सामने से आ रही वाहन से अनियन्त्रित होकर टकराकर गिर गये। महिला के शोर मचाने पर आस पास के लोग पड़े और दोनो बदमाशों को पकड़ कर उनकी पिटाई करते हुये नवाबगंज पुलिस के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि पकड़े गये दोनो अभियुक्त ने पुलिस पूछताछ मे अपना नाम जीशान पुत्र दिलशाद व शारुख मोहम्मद पुत्र मोनिस थाना मानिकपुर प्रतापगढ़ निवासी बताया दोनो अभियुक्तों के विरुद्ध गुड़िया पत्नी वसीम की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुये लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया।

## कुकुवार गांव में ट्रांसफार्मर जला, ग्रामीण परेशान

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विद्युत विभाग की लापरवाही से ग्रामीण परेशान है। ट्रांसफार्मर जल जाने के एक सप्ताह बाद भी अभी तक ट्रांसफार्मर न लगने के कारण ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। पट्टी विद्युत उपकेंद्र ग्रामीण क्षेत्र से कुकुवार गांव में 100 केवीए का ट्रांसफर में लगाया गया है। ओवरलोड होने के कारण एक सप्ताह पहले ट्रांसफार्मर जल गया जिसके लिए ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को सूचना देते हुए ऑनलाइन शिकायत किया लेकिन एक सप्ताह तक ट्रांसफार्मर नहीं पाया है गांव के रहने वाले रामकृपाल, राकेश, लाल बहादुर गुप्ता सहित कई लोगों ने इस संबंध में आक्रोश जताते हुए जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है वही अभी तक ट्रांसफार्मर पाने के कारण अंधेरे में रहने के लिए ग्रामीण विवश है।

### देश के सबसे लंबे व्यक्ति के भाई पर हमला

**प्रतापगढ़।** कोहड़ौर थाना इलाके के कसियाही गांव में सड़क किनारे शौच करने से मना करने पर दबंगों ने लाठी डंडे से देष के सबसे लम्बे व्यक्ति धर्मेन्द्र सिंह के भाई रामेन्द्र सिंह पर हमला बोल दिया। दबंगों ने उन्हें लाठी-डण्डे से पीटा। आरोप है कि सड़क किनारे खुले में शौच करने से मना करने पर दबंग गुस्सा हुए थे।

### मारपीट के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले की संग्रामगढ़ पुलिस ने पीड़िता गीता देबी पत्नी विजय कुमार कोरी निवासी जैनपुर कोतवाली लालगंज की तहरीर पर आरोपी राजकुमार निवासी मनार चैवा का पुरवा मानिकपुर किरन निवासी अतेरु संग्रामगढ़ व श्रीनाथ जैनपुर लालगंज निवासी के खिलाफ पड़ोसी से भूमि से संबंधित विवाद को पैसे के बल पर रफा दफा व 20 हजार रुपया न देने पर पीड़िता गीता देबी को भद्दी भद्दी गाली व लात घुसे से मारने पीटने के मामले में धारा 354 (क), 354 (ख), 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया। मुकदमा लिखे जाने की खबर मिलते ही आरोपियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## सपा मुखिया अखिलेष यादव ने इरशाद सिद्दीकी के परिजनों को दी मदद

### कार्यकताओं ने सपा मुखिया के प्रति जताया आभार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी प्रतापगढ़ के पूर्व महासचिव/जिला उपाध्यक्ष रहे इरशाद सिद्दीकी का हाल ही में इलाज के दौरान निधन हो गया था। निधन की जानकारी के पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दुख व्यक्त करते हुए शनिवार को मरहूम इरशाद सिद्दीकी की पत्नी और बेटियों को बुलाकर उनकी आर्थिक सहायता की और हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिया।

बता दें कि इरषाद सिद्दीकी समाजवादी पार्टी के कर्मठ नेता थे। वह व्यवहार कुषल थे जिसकी वजह से हर वर्ग में उनकी अच्छी पैठ थी। उनके निधन पर शहर के लोग भी दुखी हैं। ऐसे में सपा मुखिया का इरषाद सिद्दीकी के परिवार की मदद करना एक अच्छा कदम है।

इससे पीड़ित परिवार को न केवल ढांढस बंधेगा, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन जीने में मदद मिलेगी। इसके लिये कार्यकताओं ने भी अखिलेष यादव के प्रति आभार जताया है। बता दें कि अखिलेष यादव से मिलने वालों में पूर्व एमएलसी कांति सिंह पटेल, गुलशन यादव कार्यवाहक जिलाध्यक्ष, अब्दुल कादिर जिलानी जिला महासचिव, मनीष पाल जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, सद्दाम हुसैन पूर्व जिलाध्यक्ष छात्र सभा, मो. आजम, पुरूषोत्तम यादव सहित इरशाद सिद्दीकी की पत्नी परवीन बानो, बेटियां इन्शरा सिद्दीकी व इफरा सिद्दीकी, बड़ी बहन आलम आरा आदि लोग उपस्थित रहे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के मनीष पाल ने दी।



सपा मुखिया अखिलेष यादव के साथ इरषाद सिद्दीकी के परिजन।

### मन की बात कार्यक्रम में शिरकत करेंगे प्रतापगढ़ सांसद

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के अन्तर्गत रविवार को देश के आमजनमानस को संबोधित करेंगे। पट्टी नगर पंचायत कार्यालय में मन की बात कार्यकम के अंतर्गत उनके संबोधन को प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता की उपस्थिति में सुना जाएगा। पट्टी नगर स्थित नगर पंचायत कार्यालय पर सुबह 11 बजे कार्यक्रम का प्रसारण होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह होंगे। इस संबंध में नगर अध्यक्ष पट्टी अशोक कुमार जायसवाल से बात करने पर उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 103वें एपिसोड में आम जनमानस से लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं को प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनने के लिए कार्यक्रम को आयोजित किया गया है।

# इमाम हुसैन की याद में निकाली गई ताजिया

## शाम को करबला में की गई दफन, सुरक्षा को लेकर पूरे जिले के थाना और चौकियों की पुलिस तैनात रही पुलिस आला अधिकारी थाना सर्किल के पुलिस और जिला अधिकारी उप जिला अधिकारी लगातार भ्रमण शील रहे







अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में जगह जगह इमाम हुसैन की याद में ताजिया निकाली गई,दस मुहर्रम की सुबह से ही नमूदार हुई अजाखानो से हाय हुसैन-हाय हुसैन की सदाएं बुलंद होने लगी। अजाखानों में ताजिया रखकर महिलाएं व पुरुष नौहाख्वानी व सीनाजनी में मशगूल हो गए। नमाज होते ही अजाखानों में सजे ताजिए व ताबूत को लेकर अकीदतमंद करबला की ओर चल पड़े। रास्ते में हाय हुसैन अलविदा की सदाएं उठती रहीं। गिरिया और बुका की आवाज से पूरा माहौल गमजदा हो गया। मंझनपुर, भरवारी, कशिया,करारी बलीपुर टाटा अषाढा लोधौर चायल चरवा पुरखास दानपुर महगाव कड़ा सिरियावा सराय अकिल पश्चिम शरीरा महावा कोखराज मनौरी आदि स्थानों से ताजिया का जुलूस निकाला गया। जुलूस के दौरान कस्बो में आज शब्बीर पर क्या आलमे तनहाई है, जुल्म की चांद पर जहरा के घटा छाई है। जब यह मर्सिया शनिवार को इमाम हुसैन का ताजिया उठाए अजादानों ने पढ़ा तो हर आंख इमाम हुसैन की शहादत और प्यास को याद कर भीग गई। दस मुहर्रम की सुबह आई अजाखानों से हाय हुसैन-हाय हुसैन की सदाओं ने पूरे माहौल को गमगीन कर दिया। सजे अजाखाने वीरान हो गए। अलविदा या हुसैन अलविदा की सदाओं से कस्बे की गलियों में सुनाई दे रही थी। सुरक्षा को लेकर पूरे जिले के थाना और चौकियों की पुलिस तैनात रही पुलिस आला अधिकारी थाना सर्किल के पुलिस और जिला अधिकारी उप जिला अधिकारी लगातार भ्रमण शील रहे। पूरे दिन अजादारों ने इमामबाड़ा में ताजिए रखकर अपने गम का इजहार किया। दोपहर दो बजे इमामबाड़ा से पहला ताजिया उठा।इसमें मौलाना ने तकरीर की। अजादार मातम करते हुए करबला की तरफ चले। नौहा पढ़ा- शह बोले सकीना से बीबी न बुका करना, हम जाते हैं मरने को तुम सदमा न सिवा करना। अजादार हाथों में ताजिया उठाए मातम करते कर्बला में पहुंचे जहां ताजिये दफन किए गए। अजादारों ने आखिरी नौहे पर सीनाजनी की और नम आंखों से इमाम हुसैन को अलविदा किया।

# 4 करोड़ की लागत से बनने वाले निर्माणाधीन भवन में निरीक्षण के दौरान मिली खामियां

## निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम, तिलगोड़ी का सीडीओ ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी द्वारा युवा कल्याण विभाग के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था यू0पी0, पी0सी0एल0 प्रयागराज द्वारा निर्मित कराये जा रहे मिनी स्टेडियम, तिलगोड़ी चायल जनपद कौशाम्बी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी कौशाम्बी अंशु मिश्रा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, श्री जितेन्द्र कुमार सहायक अभियन्ता, डी0आर0डी0ए0, श्री इन्द्र भान अवर अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग विकास खण्ड नेवादा गनेश प्रसार सहायक अभियन्ता, यू0पी0 पी0सी0एल0 आदि उपस्थित रहे। उक्त परियोजना की कुल 430.14 लाख रू0 लागत है, जिसमें माह अगस्त, 2020 में 125.00 लाख, माह मार्च, 2021 में 200.00 लाख तथा माह जुलाई, 2022 में 99.98 लाख रू0 कुल 424.88 लाख रू0 प्राप्त हुआ है।, जिसमे मल्टीपरपज हॉल, आफिस एवं चेजिंग रूम (महिला/पुरूष), रनिंग ट्रैक, जॉगिग टेज्क आदि निर्माण कार्य कराया जाना है, जिसमें सभी कार्य पूर्ण कराये गये है, लेकिन निरीक्षण के दोरान मल्टीपरपज हाल में कार्य अधूरा पाया गया तथा कुछ जगह दीवारों में दरार पायी गयी। इसी प्रकार उक्त परियोजना में इण्टर लाकिंग का जो कार्य कराया गया है, प्रथम दृष्टया उसकी गुणवत्ता अत्यन्त ही खराब है। इस सम्बन्ध में डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी द्वारा मौके पर उपस्थित सहायक अभियन्ता, यू0पी0 पीसीएल को निर्देशित किया गया पायी गयी कमियों को अविलम्ब ठीक कराना सुनिश्चित करें।

### प्रथम चरण में चयनित अभ्यर्थी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 03 अगस्त तक करायें प्रवेश

**कौशाम्बी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश के लिए जिन इच्छुक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, उनकी प्रथम चरण की चयन सूची परिषद द्वारा दिनांक 27 जुलाई 2023 को जारी कर दी गई है । जिन अभ्यर्थियों का चयन हो गया हो, वे दिनांक 03 अगस्त 2023 तक सम्बन्धित संस्थान में प्रवेश लें सकतें हैं। यह जानकारी प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिराथू श्री के0के0 राम ने देते हुए चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि वे निर्धारित तिथि तक संस्थान में उपस्थित होकर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें, निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी दशा में प्रवेश नही दिया जायेंगा।

### राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए नामांकन/प्रस्ताव ऑनलाइन पोर्टल पर दिनांक 31 जुलाई 2023 तक मांगे गये हैं। यह अवार्ड राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान किया जाना है। यह जानकारी जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने देते हुए समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण को निर्देशित किया है कि सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्का के लिए नामांकन/प्रस्ताव ऑनलाइन पोर्टल पर फीड कराकर आख्या कार्यालय में उपलब्ध करायी जाय।

### जिला पंचायत की बैठक 05 अगस्त को

**कौशाम्बी।** अध्यक्षा, जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर की अध्यक्षता में जिला पंचायत, कौशाम्बी की बैठक दिनांक 05 अगस्त 2023 को मध्यान्ह 12 बजे जिला पंचायत, मंझनपुर के रत्नावली सभागार में आहूत की गई है। यह जानकारी अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत ने देते हुए जिला पंचायत के समस्त जनप्रतिनिधिगणों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों से बैठक में प्रतिभाग करने का आग्रह किया है।

### सूने घर में लोहे के दरवाजे की कुंडी तोड़कर नगदी, गहने सहित लाखों का सामान उठा ले गए चोर

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में चोरों के हौसले बुलंद है, चोरों ने भरवारी में सूने घर को निशाना बनाया और नगदी, गहने सहित लाखो का सामान चोरी कर ले गए,सुबह घर वाले वापस लौटे तो लोहे के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई मिली और सामान बिखरा हुआ मिला तो घटना की जानकारी हुई।पीड़ित ने पुलिस को इसकी लिखित सूचना दी है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के नया बाजार में पक्की बाग के पास रहने वाले दयाशंकर पांडेय शुक्रवार की शाम को अपने किसी रिश्तेदार के यहा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे,सुबह वापस लौटे तो लोहे के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई मिली तो परिजन को चोरी की घटना की जानकारी हुई,घर के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा हुआ था,घर के अंदर रखे बक्शे को तोड़कर चोर नगदी,गहने,मोबाइल सहित लाखो का सामान उठा ले गए पीड़ित ने इसकी शिकायत भरवारी चौकी पुलिस से की है।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### शिक्षा चौपाल में शिक्षा को मजबूती व विद्यालय को निपुण बनाने का लिया संकल्प




**कौशाम्बी।** उच्च प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर मंझनपुर में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी जवाहरलाल यादव , नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार फौजी तथा एसएमसी के सदस्य, कोटेदार व अभिभावक तथा विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रसोईया चौपाल की गरिमा को बढ़ाया गया। नगर अध्यक्ष, खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सरस्वती मां को माल्यार्पण करते हुए शिक्षा चौपाल पर प्रकाश डाला गया। तथा नगर अध्यक्ष ग्राम प्रधान ने भी अपनी अहम भूमिका निभाई साथ ही श्रीमती सोनी केशरवानी द्वारा शिक्षा चौपाल के विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे शिक्षा चौपाल के अन्तर्गत शिक्षा को मजबूती व विद्यालय को निपुण बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी खंड शिक्षा अधिकारी जवाहरलाल यादव आरपी ओम दत्त त्रिपाठी, अनूप कुमार वर्मा, कृष्णकांत तिवारी एसएमसी सदस्य कोटेदार अभिभावक बच्चे रसोईया आदि उपस्थित रहे।

### हड्डी रोग विशेषज्ञ 30 जुलाई को बृजेश मेमोरियल अस्पताल भरवारी में नहीं रहेंगे उपलब्ध

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के गरीबों के मसीहा एवम लोक प्रिय हृदय सम्राट कहे जाने वाले चिकित्सक एवम हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक मयंक केशरवानी आगामी 30जुलाई दिन रविवार को भरवारी में नही रहेगें उपलब्ध ' मिली जानकारी के अनुसार डॉ मयंक हड्डी रोग के संबंधित घुटने हिप एवम फेस से संबंधित सभी का ट्रांस प्लांट यानी प्रत्यारोपण के लिए दिल्ली से एक स्वास्थ टीम के साथ सिंगापुर गए हुए हैं जिसके चलते उनका यह दौरा दिनाक 28,29,एवम 30जुलाई तक वह सिंगापुर में ही रहेंगे जिसके चलते डॉ मयंक अब सोमवार 31 जुलाई को जनता की सेवा के बाद बृजेश मेमोरियल अस्पताल में उपलब्ध रहेंगे।

# बराई बंधवा गांव में बड़ी शानो शौकत के साथ निकाला गया मोहर्रम का जुलूस

अखंड भारत संदेश



**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के बराई बंधवा गांव सहित इलाके में हर साल की तरह इस साल भी मोहर्रम का जलूस बड़े ही शानो शौकत के साथ निकाला गया है सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा यहा पर इमामे हुसैन की याद हर साल मोहर्रम के महीने में तकरीर कुरान खानी लंगर वा शरबत का एहतेमाम किया जाता है लोग अपने अपने घरों में कुरान ख्वानी आम लंगर करते है नवी और दसवीं का रोजा रखते है इमामे हुसैन और करबला वालो की याद में किया जाता है 10 मोहर्रम को हजरत इमामे हुसैन और उनके खानदान के छोटे छोटे बच्चे 6 माह के अली असगर 18 साल के जवान अली अकबर हजरत हूर हजरत अब्बास आलम बरदार हजरत ओनो मोहम्मद हजरत कासिम 72 नुफुसे कुदसी को यजीदो ने करबला में शहीद किया था 7 मोहर्रम से हजरत हुसैन के घर वालो पर पानी और खाना बंद किया गया और 10 मोहर्रम को शहीद किया गया है इस्लाम की पूरी तारीख शहादत के मुतवालियों से भरी पड़ी है और यह दीन हम तक ना जाने कितनी शहादतें और कुर्बानियों के बाद पहुंचा है नवास ए रसूल सैयद ना हजरत हुसैन जैसा शहीद नहीं पैदा हो सकता के जिसने कर्बला के मैदान में भूखे प्यासे रह कर सजदे कि हालत में जाम ए शहादत नोश फरमाया अपने पूरे खानदान को कुर्बान कर दिया और उम्मत को यह पैगाम दे गए के जान जाती है तो जाए मगर नमाज कजा ना होने पाय अगर नमाज की माफी होती तो ऐसे हजरात की होती इसलिए जब तक जिस्म में जान रहे और बदन मे रूह रहे हमें नमाज नहीं छोड़नी है और यह सबक भी पढ़ा गए के जालिम के जुल्म के आगे डरना नहीं है बल के सब्र और हिम्मत से और शुजाअत वह बहादुरी से काम करना है हक का सच का साथ देना है झूठ और जुल्म से बचना है आज हमें अपने अंदर यही जज्बा पैदा करने की जरूरत है।

## कौशांबी को सूखाग्रस्त घोषित कर राजस्व वसूली स्थगित की जाए : अजय सोनी

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी ने शासन प्रशासन से जनपद कौशांबी को सूखाग्रस्त घोषित कर राजस्व वसूली स्थगित करने की मांग की है। एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कहा है कि कौशांबी जनपद में अब तक काफी कम मात्रा में बारिश हुई है और किसान परेशान है। कम बारिश के चलते किसानो को धान रोपाई में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है और बारिश के आसार दिखाई नहीं दे रहे हैं। ऐसे में कौशांबी जनपद को सूखाग्रस्त घोषित कर देना चाहिए। इसी के साथ अजय सोनी ने कौशांबी जनपद की कई बंद नहरों को तत्काल चालू करने एवं टेल तक पानी पहुंचाने एवं रोस्टर से ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति करने की शासन प्रशासन से मांग की है। अजय सोनी के मुताबिक मौजूदा समय में कौशांबी जिले में पानी न बरसने से पैदा हुए हालात पर शासन प्रशासन को संज्ञान लेने की जरूरत है। साथ ही किसानो को राहत पहुंचाने के लिए बिजली, पानी और उर्वरक की समुचित आपूर्ति की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए। इस संबंध में अजय सोनी ने राजस्व वसूली स्थगित कर कौशांबी जनपद को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की है।

# मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र में विकास योजनाएं धड़ाम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे विकास कार्य योजनाएं खराब हो गई है कहीं भी ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता नहीं दिखाई पड़ रही है ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव विकास योजना में धांधली कर मालामाल हो रहे हैं खंड विकास अधिकारी मूरतगंज भी ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के कार्यों पर कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं आखिर किसके दबाव में खंड विकास अधिकारी मूरतगंज ने चुप्पी साध रक्खी है यह बड़ी जांच का विषय है इलाके में आधे से अधिक शौचालय नहीं बनाए गए हैं शौचालय बनाए जाने के नाम पर जमकर वसूली हुई है दो तिहाई शौचालय उपयोग में नहीं आ सके हैं हैंडपंप रिबोर मरम्मत के नाम पर भी कई ग्राम पंचायतों में बड़े घोटाले हुए हैं बार-बार ग्रामीण अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं लेकिन जांच के नाम पर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के बेरूवा बिरौली मलाक भारत गौहानी बथुई घूरी पंनोई जलीलपुर गौसपुर काजू उमरछा उजिहनी आदि ग्राम पंचायतों में विकास के नाम पर बड़ी धांधली हुई है चचाओं पर जाए तो ग्राम पंचायतों के विकास में 35 प्रतिशत की कमीशन खोरी हो रही है आखिर इस कमीशन खोरी में कौन-कौन हिस्सेदार है यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन अफसरों ने अभी ग्राम पंचायतों की कमीशन खोरी में जांच कराकर मामले को बेनकाब करने का प्रयास नहीं किया है।




35 प्रतिशत कमीशन खोरी के बाद भी खंड विकास अधिकारी ने साधी चुप्पी

## न्यूज झरोखा

### उप जिलाधिकारी और सीओ ने मलाक भायल में पहुंचकर शांति ब्यवस्था का लिया जायजा

ताजिया दारों के साथ मिलकर हाल चाल लेते रहे सीओ सिराथू



कोखराज कौशाम्बी सिराथू तहसील क्षेत्र के मलाक भायल में मोहर्रम के त्योहार को लेकर प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ जुलूस निकाला गया सभी तजियादारो ने शांति पूर्वक जुलूस को निकाला और इमाम हुसैन के नारे के साथ साथ मातम मनाते हुए कर्बला की ओर चल रहे थे तजियादारो में तमाम लोगों की मौजूदगी रही एहसान अली, अकरम, सब्बन, अली, इत्मीनान, इलियास, सहबान, नासिर, मकूब, मुमताज अहमद, खलील, अहमद, इस्माइल, दिलशाद, आदिल, गुड्डू पुलिस प्रशासन, एसओ कोखराज, एसआई, अभिषेक यादव, दीपेंद्र तिवारी आदि सुरक्षा बलों के बीच मनाया गया।

### गिरिया खालसा में ग्राम चौपाल के आयोजन में पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी

ग्राम चौपाल में लेखपाल के ना उपस्थित होने पर वेतन अवरुद्ध करने के लिए सीडीओ ने एसडीएम को लिखा पत्र




**कौशाम्बी।** डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी द्वारा ग्राम पंचायत गिरिया खालसा विकास खण्ड चायल में ग्राम चौपाल किया गया, जिसमें दिनेश चन्द्र खण्ड विकास अधिकारी चायल सहित, पूर्ति निरीक्षक, सहायक विकास अधिकारी आई0एस0बी0 सहायक विकास अधिकारी पंचायत सहायक विकास अधिकारी कृषि खण्ड शिक्षा अधिकारी चायल एवं अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे, लेकिन राजस्व विभाग के अन्तर्गत उक्त ग्राम पंचायत का लेखपाल ग्राम चौपाल में उपस्थित न होने का कारण डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी चायल को सम्बन्धित लेखपाल का वेतन अवरूद्ध करते हुए कारण बताओ नोटिस निर्गत करने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम चौपाल में सम्बन्धित विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। ग्राम चौपाल में चन्दा देवी पत्नी कमलेश को विकलांग पेंशन न मिलने तथा चौहान पुत्र स्व0 मातादीन को वृद्धावस्था पेंशन न प्राप्त होने की शिकायत प्राप्त हुई, जिसका मौके पर उपस्थित सहायक विकास अधिकारी(स0/क0) से निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### एकल अभियान के अंतर्गत दस दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम संपन्न



**कौशाम्बी** भाग प्रयाग के अंचल कौशांबी में 28 जुलाई को जनक दुलारी शिवदत्त डिग्री कॉलेज ओसा मंझनपुर में दस दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग संच का कार्यक्रम संपन्न हुआ इस दौरान एकल अभियान के बारे में लोगों को जानकारी दी गई कार्यक्रम में मंझनपुर एवम् खखरेरू एकल अभियान से जुड़े लोग उपस्थित हुए उदघाटन में मुख्य अतिथि अमरेश कुमार केसरवानी अंचल सचिव रमाकांत अंचल उपाध्यक्ष मुकुंदी लाल अंचल सरक्षक रामबहादुर भाग प्रशिक्षण प्रमुख बृजेश कृष्ण मूरत अंचल अभियान प्रमुख शिव मोहन अंचल कार्यालय प्रमुख, राजेश प्रसाद अंचल प्रशिक्षण प्रमुख राकेश कुमार संच प्रमुख जीवनलाल संच प्रमुख ,प्रतिभा संच व्यास कथाकार रंजना व्यास कथाकार आदि लोग उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय शिक्षा समागम एवं नई शिक्षा नीति के अभिभाषण को शिक्षकों ने सुना



**भरवारी कौशाम्बी।** नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी कौशाम्बी में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अखिल भारतीय शिक्षा समागम एवं नई शिक्षा नीति के विषय में होने वाले अभिभाषण को दूरदर्शन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया गया।जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीम अहमद एवं अन्य स्टाफ भुवनेश्वर तिवारी पंकज कुमार(ए.एन.ओ.) करुणेश कुमार त्रिपाठी अवधेश कुमार अर्जुन लाल राजेश कुमार यादव सुनील यादव राजेश कुमार स्वतन्त्र कुमार श्रीवास्तव यशपाल सिंह यादव कमलेश तिवारी उदयभान मौर्य एवं एनसीसी के कैडेट्स और छात्र उपस्थित रहें।

### गंदे कमेट करने पर युवती के भाइयो ने मनचले को पीटा



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के थुलगुला कस्बे मे सरेआम मारपीट हुई है पुलिस ने कहा कि किसी पक्ष ने थाना पुलिस मे शिकायत नही की है सैनी थाना क्षेत्र के थुलगुला बाजार मे शुक्रवार की शाम 2 युवक आपस मे भिड़ गए। सड़क पर भीड़ के बीच जमकर मारपीट एवं आपस मे पटका-पटकी हुई। आरोप है कि पिटाई करने वाले युवक की बहन को मनचले युवक पिछले कई दिन से रास्ते मे आते जाते गंदे कमेन्ट पास किया करते थे। जिसका विरोध करने के बाद भी मनचला अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहा था। सैनी के थुलगुला कस्बे मे पास के गाव के रहने वाले एक व्यक्ति की बेटी कालेज मे पढ़ती है। जिसे थुलगुला कस्बे का एक युवक रास्ते मे आते जाते छेड़खानी और गंदे गंदे कमेन्ट पास करता था। युवती ने अपने घर मे माता पिता से यह बात बताई। जिस पर आरोपी युवक को पीड़ित युवती के घर वालो ने अपने हरकत से बाज आने की कई बार हिदायत दी। शुक्रवार की शाम एक बार फिर युवती अपने घर कालेज के पढ़ाई पूरी कर वापस जा रही थी। इसी दौरान मनचले युवक ने उसका हाथ पकड़ कर गंदे कमेन्ट पास किया। युवती ने घर आ कर यह बात अपने पिता व भाइयो से बताई। जिस पर पिता अपने 2 बेटो के साथ थुलगुला बाजार पहुचे। जहां आरोपी मनचला युवक वही पर उन्हे मिल गया। दोनों के बीच पहले कहासुनी हुई। इसके बाद आरोपी मनचले युवक को युवती के घर वालो ने पकड़ कर सरेआम पिटाई कर उसके सिर से आशिकी का भूत उतारा। मारपीट का वीडियो किसी अज्ञात शख्स ने मोबाइल से बना कर सोशल मीडिया मे भेज वायरल कर दिया है। सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा ने बताया कि उनके सज्ञान मे एक वायरल वीडियो आया है। जिसमे कुछ लोग सड़क पर मारपीट करते हुए दिखाई पड़ रहे है। प्रकरण के जांच के लिए स्थानीय थाना पुलिस व बीट दारोगा को निर्देशित किया गया है। प्रकरण के संबंध मे थाना पुलिस को किसी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी है।

संपादक की कलम से

# कलम को औजार बना लेने वाले प्रेमचन्द

**मुंशी** प्रेमचंद की साहित्यकार, कहानीकार और उपन्यासकार के रूप में चर्चा इसलिये होती है कि उनकी कहानियां-उपन्यास जीवंत, अद्भुत एवं रोमांचकारी हैं, लेकिन एक बड़ा सच यह भी है कि उनके वास्तविक जीवन की घटनाएं उससे भी अधिक विलक्षण, प्रेरक एवं अविस्मरणीय हैं। वे अपनी जिन्दगी की किताब के किरदारों में कहीं अधिक सशक्त, साहसी, आन्दोलनकारी एवं प्रेरणादायी रहे हैं। बनारस के लमही में 31 जुलाई 1880 को पैदा हुए इस महान् लेखक-कहानीकार-पत्रकार ने अपनी रचनाओं के लिए ब्रिटिश हुकूमत की सजा भी भोगी, लेकिन पीछे नहीं हटे, अपना नाम भी बदला। उनकी पत्रकारिता भी क्रांतिकारी थी, लेकिन उनके पत्रकारीय योगदान को लगभग भूला ही दिया गया है। जंगे-आजादी के दौर में उनकी पत्रकारिता ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध ललकार की पत्रकारिता थी। वे समाज की कुरीतियों एवं आडम्बरों पर प्रहार करते थे तो नैतिक मूल्यों की वकालत भी उन्होंने की। आजादी की लड़ाई में उनका योगदान भी कम नहीं था। लेकिन इन विविध भूमिकाओं एवं विलक्षण अदाओं के बावजूद ऐसा ही लगता है कि वे कहानियां सुनाने ही धरती पर आए थे। आज जब हम बहुत ठहर कर बहुत संजीदगी के साथ उनका लेखन देखते हैं तो अनायास ही हमें महसूस होता है कि वे अपने आप में कितना विराट संसार समेटे हुए हैं।

उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की रचनाएँ अद्भुत और कालजयी हैं, उन जैसे संसार में विरले ही हुए जिन्होंने सृजन को इतनी उत्कट बेचैनी लेकर जीवन जिया। उनके शब्दों में जादू था और जीवन इतना विराट कि देश-काल की सीमाएं समेट नहीं पाईं उनके वैराट्य को। उन्होंने हिन्दी कथा-साहित्य के क्षेत्र में कथ्य और शिल्प दोनों में आमूलचूल बदलाव किया। लेखन की एक सर्वथा मौलिक किन्तु सशक्त धारा जिनसे जन्मी, वे हैं मुंशी प्रेमचन्द। इतिहास और साहित्य में ऐसी प्रतिभाएं कभी-कभी ही जन्म लेती हैं। वाल्मीकि, वेदव्यास, कालिदास, तुलसीदास, कबीर और इसी परम्परा में आते हैं प्रेमचन्द। जिनसे भारतीय साहित्य का एक नया और अविस्मरणीय दौर शुरू हुआ था। जिनके सृजन एवं साहित्य की गूंज भविष्य में युग-युगों तक देश और दुनिया में सुनाई देती रहेगी। आज मुंशी प्रेमचंद की तुलना दुनिया के चोटी के साहित्यकार मोरित्ज, गोर्की, तुर्गनेव, चेखब और टॉल्स्टोय आदि के साथ करते हुए हमें उन पर गर्व होता है। मुंशी प्रेमचंद ने अपने 36 वर्षों के साहित्यिक जीवन में करीब तीन सौ कहानियाँ, एक दर्जन उपन्यास, चार नाटक और अनेक निबन्धों के साथ विश्व के महान् साहित्यकारों की कुछ कृतियों का हिन्दी में अनुवाद भी किया और उनकी यह साहित्य-साधना निश्चय ही उन्हें आज भी अमरता के शीर्ष-बिन्दु पर बैठाकर उनकी प्रशस्ति का गीत गाते हुए उन्हें ह्यउपन्यास सम्राट्ह्न और कालजयी कहानीकार की उपाधि से विभूषित कर रही है। उपन्यास के क्षेत्र में उनके योगदान को देखकर ही बंगाल के विख्यात उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने उन्हें ह्यउपन्यास सम्राट्ह्न से संबोधित किया। मुंशी प्रेमचंद सही मायने में आज भी सच्ची भारतीयता की पहचान हैं। उनका कहना था कि साहित्यकार देशभक्ति और राजनीति के पीछे चलने वाली सच्चाई नहीं अपितु उसके आगे मशाल दिखाती हुई चलने वाली सच्चाई है। यह बात उनके साहित्य में उजागर हुई है। उन्होंने कुछ महीने तक मयार्दा पत्रिका का संपादन किया और फिर लगभग छह साल तक माधुरी पत्रिका का संपादन किया। 1932 में उन्होंने अपनी मासिक पत्र हंस शुरू की। 1932 में जागरण नामक एक और साप्ताहिक पत्र निकाला। गोदान उनकी कालजयी रचना है। वह अनूठा एवं आन्दोलनकारी दौर में जब राष्ट्रीय राजनीतिक क्षितिज पर महात्मा गांधी भारतीय स्वाधीनता आंदोलन को सविनय अवज्ञा, भूख हड़ताल और असहयोग जैसे सर्वथा नये औजारों से लैश कर रहे थे।

# इज ऑफ डूइंग बिजनेस - भारत तीसरी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने दौड़ पड़ा है

- लोकसभा में जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2023 पारित - कारोबार के कई प्रावधान अपराध मुक्त होंगे
- कारोबार की सुगमता को बढ़ावा देने 42 कानूनों के 183 धाराओं में संशोधन कर उन्हें अपराध मुक्त करना मील का पत्थर साबित होगा - एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया

**किशन सनमुखदास**

**गोंदिया - वैश्विक** स्तरपर प्रतिष्ठित सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत में मानसून सत्र को शुरू हुए आज 28 जुलाई 2023 को 9 दिन हो गए और दोनों सदनों में 7 बैठकें हो चुकी है परंतु सभी हंगामे के कारण बाधित हो गई है जो अब 31 जुलाई 2023 को सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई है ऐसा नजारा हम पिछले कई सत्रों में देख रहे हैं जो साल भर में 3 बार बजट शीत और मानसून सत्र में होता है परंतु किसी ना किसी बात पर हंगामा होकर बाधित हो जाता है जो संसदीय प्रक्रिया का मूलभूत हिस्सा बन चुकाहै।हालांकि संवैधानिक रूप से संसद के दोनों सत्रों में बिल पारित हो रहे हैं, परंतु व्यवहारिक रूप से तो आम जनता जनार्दन ऐसा ही देख रही है जो बिल पारित हो रहे हैं वह बिना किसी चर्चा के ध्वनि मत से पारित हो रहे हैं जो चिंतनीय और लोकतंत्र के लिए अच्छा संदेश नहीं है। सारी जनता जनार्दन देख रही है संसद में हंगामा, बाधित होती कार्यवाही, मूकदर्शक बने रहने को बाध्य देशवासी और जवाबदेही से बचता सत्ता पक्ष और विपक्ष! चूंकि मानसून सत्र में लोकसभा में 8 और राज्यसभा में 3 बिल ध्वनिमत से पारित हुए हैं,इनमें से एक 27 जुलाई 2023 को जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2023 को ध्वनि मत से पारित किया गयाहै,जिसमें कारोबार को बढ़ावा देने 42 कानूनों की 183 धाराओं को संशोधित कर उन्हें अपराध मुक्त बनाकर इज ऑफ डूइंग बिजनेस और एज आफ लिविंग को साकार करने की कोशिश की गई है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का मतलब होता है किसी भी देश में कारोबार कितनी सरलता से शुरू किया जा सकता है। विश्व बैंक हर साल डूइंग बिजनेस रिपोर्ट जारी करता है जिसमें वह 10 पैमानों पर 190 देशों की रैकिंग करता है जिसे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग कहते हैं। इसलिए आज हम पीआईबी और मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, कारोबार को सुगम बनाकर तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की ओर दौड़ पड़ा है भारत!

साथियों बात अगर हम इस बिल के लोकसभा में पारित होने की करें तो, गुरुवार को जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2023 को मंजूरी दे दी। निचले सदन ने संक्षिप्त चर्चा के बाद इस विधेयक को ध्वनिमत से स्वीकृति दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 जुलाई को इस विधेयक को मंजूरी दी थी। इसके साथ ही लोकसभा ने 76 पुराने और अप्रचलित कानूनों को निरस्त करने के लिए निरसन एवं संशोधन विधेयक 2022 को भी मंजूरी दे दी। उल्लेखनीय है कि जन विश्वास विधेयक पारित होने से कई प्रविधानों में अब जेल की सजा नहीं होगी और कारोबारी जुमार्ना देकर बचसकेंगे। कई मामलों में जुमार्ना लगाने के लिए अदालती कार्यवाही की जरूरत नहीं होगी। कई बार छोटी-मोटी गलती केकारण कारोबारियों को अदालतों का चक्कर लगाना पड़ता था। बड़ी संख्या में छोटी-मोटी गड़बड़ियों को अपराध के दायरे से बाहर करने से व्यापार करना आसान होगा।कई प्रविधानों को अपराधमुक्त करने से कारोबार में आसानी होगी।सरकार ने कहा कि यह कदम जीवन और व्यापार करने में आसानी के लिए उसके निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।जन विश्वास विधेयक पेश करते हुए वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने कहा कि कई प्रविधानों को अपराधमुक्त करने से कारोबार में आसानी होगी, उन्होंने कहा कि सरकार अब तक 1,486 कानूनों को निरस्त कर चुकी है और इस विधेयक को उप्री संसद की मंजूरी मिलने के बाद निरस्त कानूनों की संख्या 1,562 हो जाएगी।जन विश्वास बिल को सरकार ने पिछले साल यानी 2022 में लोकसभा में पेश किया था। बाद में इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेज दिया गया था, इस बिल को लेकर कई मंत्रालयों और कानूनी मामलों के विभागों से चर्चा हुई थी। समिति ने सरकार से कहा था कि इसमें संशोधन करने चाहिए और कई चीजों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना चाहिए। जिससे कोर्ट में लंबित पड़े लाखों मामलों में कमी आए,जेल की जगह वसूला जाएगा जुमार्ना, संसदीय समिति ने इस बिल के जरिए 19मंत्रालयों से जुड़े करीब 42 अधिनियमों के 183 प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव दिया था, जिनमें वित्त मंत्रालय से लेकर सड़क परिवहन, कृषि, सूचना एवं प्रौद्योगिकी और अन्य कई मंत्रालय शामिल हैं।इन मंत्रालयों के तहत आने वाले कई अपराधों को अपराध की श्रेणी से हटाकर जुमार्ने तक सीमित कर दिया जाएगा. इससे कोर्ट-कचहरी की झंझट से मुक्ति मिलेगी, वहीं बिजनेस करना भी आसान हो जाएगा दिलचस्प है कि एक सुधार पीएमएलए में भी है, जिसका ईडी विरोध कर रहा है. पीएमएलए के प्रावधानों को डिक्रिमिनेलाइज करने का प्रस्ताव है जिसका ईडी ने यह कह कर विरोध किया कि इससे जांच एजेंसी की ताकत कम होगी। जनविश्वास बिल में कई अपराधों में सजा के बजाए जुमार्ने का प्रावधान है।कोर्ट का बोझ होगा कम, जेलों में भीड़ भी ना होगी।डिक्रिमिनेलाइज करने से अदालतों का बोझ भी कम होगा और जेलों में भीड़ कम करने में भी मदद मिलेगी, जिन कानूनों में प्रावधानों को डिक्रिमिनेलाइज किया जा रहा है, उनमें पर्यावरण संरक्षण कानून, आईटी ऐक्ट, मोटर व्हीकल ऐक्ट, प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट शामिल है। इससे पहले केंद्र सरकार की तरफ से कहा गया था कि इस बिल में कारोबार की सुगमता के लिए छोटे अपराधों से जुड़े प्रावधानों में संशोधन की व्यवस्था है।

साथियों बात अगर हम इस बिल को विस्तृत रूप से जानने की करें तो, जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2023 के माध्यम से, निम्नलिखित तरीके से गैर अपराधीकरण हासिल करने का प्रस्ताव है:-(१) कुछ प्रावधानों में कारावास और/या जुमार्ना दोनों को हटाने का प्रस्ताव है।(२) कारावास को हटाने और कुछ प्रावधानों में जुमार्ना बरकरार रखने का प्रस्ताव है।(३) कारावास को हटाने और कुछ प्रावधानों में जुमार्ना बढ़ाने का प्रस्ताव है।(४) कुछ प्रावधानों में कारावास और जुमार्ने को दंड में बदलने का प्रस्ताव है।(५) अपराधों के शमन को कुछ प्रावधानों में शामिल करने का प्रस्ताव है।उपरोक्त के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, विधेयक ऐसे उपायों का प्रस्ताव करता है जैसे (ए) किए गए अपराध के अनुरूप जुमार्ने और जुमार्ने का व्यावहारिक संशोधन; (बी) निर्णायक अधिकारियों की स्थापना; (सी) अपीलीय प्राधिकारियों की स्थापना; और (डी) जुमार्ने और दंड की मात्रा में आवधिक वृद्धियह भी सुनिश्चित किया जाता है कि सजा की डिग्री और प्रकृति अपराध की गंभीरता के अनुरूप हो।

साथियों बात अगर हम इस संशोधित विधेयक के लाभों की करें तो, संशोधन विधेयक के लाभ इस प्रकार बताए गए हैं:(1) संशोधन विधेयक आपराधिक प्रावधानों को तर्कसंगत बनाने और यह सुनिश्चित करने में योगदान देगा कि नागरिक, व्यवसाय और सरकारी विभाग मामूली, तकनीकी या प्रक्रियात्मक कमी के लिए कारावास के डर के बिना काम करें।(2)किसी अपराध के दंडात्मक परिणाम की प्रकृति अपराध की गंभीरता के अनुरूप होनी चाहिए। यह विधेयक किये गये अपराध/उल्लंघन की गंभीरता और निर्धारित सजा की गंभीरता के बीच संतुलन स्थापित करता है। कानून की कठोरता को खोए बिना, प्रस्तावित संशोधन व्यवसायों और नागरिकों द्वारा कानून का पालन सुनिश्चित करते हैं।(3)तकनीकी/प्रक्रियात्मक गलती और गौण दोष के लिए निर्धारित आपराधिक परिणाम, न्याय वितरण प्रणाली को अवरुद्ध करते हैं और गंभीर अपराधों पर निर्णय को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। विधेयक में प्रस्तावित कुछ संशोधन, जहां भी लागू और व्यवहार्य हो, उपयुक्त प्रशासनिक न्यायनिर्णयन प्रणाली प्रस्तुत करने के लिए हैं। इससे न्याय प्रणाली पर भारी दबाव को कम करने, लंबित मामलों को कम करने और अधिक कुशल और प्रभावी न्याय वितरण में मदद मिलेगी।(4)नागरिकों और कुछ श्रेणियों के सरकारी कर्मचारियों को प्रभावित करने वाले प्रावधानों को अपराधमुक्त करने से उन्हें मामूली उल्लंघनों के लिए कारावास से डरे बिना जीवन जीने में मदद मिलेगी।(5) इस कानून का अधिनियमन कानूनों को तर्कसंगत बनाने, बाधाओं को दूर करने और व्यवसायों के विकास को बढ़ावा देने की यात्रा में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह कानून विभिन्न कानूनों में भविष्य के संशोधनों के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में काम करेगा। एक समान उद्देश्य के साथ विभिन्न कानूनों में समेकित संशोधन से सरकार और व्यवसायों दोनों के लिए समय और लागत की बचत होगी।

साथियों बात अगर हम मानसून सत्र 2023 में पारित विधेयकों की विस्तृत जानकारी की करें तो, हालांकि 27 जुलाई को राज्यसभा से सिनेमैटोग्राफ संशोधन बिल 2023 को पारित किया गया था और 26 जुलाई को संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (तीसरा संशोधन) विधेयक 2022 मंजूरी मिली थी। वहीं 25 जुलाई को राज्यसभा से संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक 2022 पारित हुआ था।साल में तीन बार संसद का सत्र चलता है।

बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र. हर सत्र के बाद पिछले कई साल से हम ये सुनते आ रहे हैं कि इस सत्र की कार्यवाही का एक बड़ा हिस्सा हंगामा और अवरोध की भेंट चढ़ गया।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि इज ऑफ डूइंग बिजनेस - भारत तीसरी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने दौड़ पड़ा है।लोकसभा में जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2023 पारित - कारोबार के कई प्रावधान अपराध मुक्त होंगे।कारोबार की सुगमता को बढ़ावा देने 42 कानूनों के 183 धाराओं में संशोधन कर उन्हें अपराध मुक्त करना मील का पत्थर साबित होगा।

# भारत के खिलाफ सीमावर्ती क्षेत्रों में षड्यंत्र कर सकते हैं चीन, पाकिस्तान और नॉर्थ कोरिया?

**यह बहु**त महत्वपूर्ण तथ्य है कि नार्थ कोरिया ने अभी-अभी अपने देश में बड़ा मिसाइल परीक्षण किया है और उसमें खास बात यह है कि चीन और रूस ने अपने प्रतिनिधि को उस खास मौके पर नॉर्थ कोरिया भेजा था। एजेंसियों के अनुसार नॉर्थ कोरिया रूस और चीन अमेरिका तथा नाटो देश के खिलाफ कोई को कोई गुप्त समझौता करने जा रहे हैं। यह तो विदित है कि नार्थ कोरिया लगातार परमाणु मिसाइलों का अमेरिका के खिलाफ परीक्षण करता आ रहा है और इससे अमेरिका दक्षिण कोरिया काफी परेशान नजर आ रहे है अमेरिका ने नार्थ कोरिया को साउथ कोरिया के पक्ष में बयान देते हुए कई बार परमाणु परीक्षण न करने की धमकी भी दी है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका साउथ कोरिया का बहुत बड़ा हिमायती है और उसकी रक्षा की जिम्मेदारी भी अमेरिका अपने ऊपर ले कर नॉर्थ कोरिया के तानाशाह को कई बार धमका भी चुका है पर नार्थ कोरिया को इससे कोई फर्क नजर आता दिखाई नहीं दे रहा है। नार्थ कोरिया के तानाशाह ने ताजा-ताजा परमाणु मिसाइल का परीक्षण कर उसमें चीन तथा रूस का समर्थन प्राप्त कर लिया है' रूस, चीन तथा नॉर्थ कोरिया और पाकिस्तान चारों देश परमाणु शक्ति संपन्न देश है और रूस को छोड़कर नॉर्थ कोरिया, चीन चीन और पाकिस्तान भारत के कट्टर विरोधियों में माने जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में भारत को अपने सीमावर्ती प्रदेश की विशेष निगरानी करनी होगी और अपने परमाणु हथियारों को भी सजग रखना होगा' भारत के नॉर्थ कोरिया से कभी मधुर संबंध नहीं रहे हैं भारत वैसे भी युद्ध का सदैव विरोध कर शांति का पक्षधर रहा है परिणाम स्वरूप चीन, पाकिस्तान और नॉर्थ कोरिया भारत के धुर विरोधी हरकतों में शामिल हो सकते हैं' यह अलग बात है कि चीन अपनी एक आर्थिक परिस्थितियों से जूझ रहा है और वहां बेरोजगारी की दर भी 46.5% हो गई है इस तरह बेरोजगारों की बड़ी संख्या से परेशान भी है इसके अलावा वहां बिजली संकट पूरी तरह व्याप्त है। हिना में औद्योगिक उत्पादन लगभग ठप है और आवश्यक वस्तुओं की बड़ी कमी दिखाई देने लगी है इसके अलावा चीन अपनी अंदरूनी राजनीतिक समस्याओं से जूझ रहा है। दूसरी तरफ पाकिस्तान के आर्थिक हालात बद से बदतर हो गए और कंगाली के दौर से गुजर रहा है। पाकिस्तान अब दिवालिया होने के कगार पर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कई शर्तें लगाकर पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचाने के लिए तीन अरब का कर्ज दिया है पर $3 डॉलर से पाकिस्तान की रोटी, आटा, चावल और मुद्रास्फीति की समस्या 2 महीने के बाद सिर सिर उठा कर खड़ी हो जाएगी, इतना हो जाने के बाद भी पाकिस्तान मे रक्षा बजट की कोई कमी नजर नहीं आ रही है' पाकिस्तान हालाकी भारत से युद्ध करने की स्थिति में नहीं है पर चीन और नार्थ कोरिया का सहयोग मिलने पर वह भारत के सीमावर्ती क्षेत्र पर लगातार उपद्रव कर सकता है' चूंकि भारत का रूस परंपरागत मित्र है और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अभी अभी भारत के प्रति अपनी आस्था जताई है पर भारत को अपने परंपरागत शत्रु चीन तथा पाकिस्तान पर किसी भी तरह का भरोसा नहीं किया जाना चाहिए' स्वतंत्रता के पश्चात से ही पाकिस्तान ने भारत अधिकृत कश्मीर में हमेशा अपने आतंकवादी भेज कर अशांति फैलाने साजिश की है। भारत अब चुकी विश्व की बड़ी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति बन चुका है जिसके कारण पाकिस्तान अभी कुछ दिनों के लिए शांत बैठा हुआ है चीन और नई परमाणु शक्ति बनते नार्थ कोरिया के सहयोग तथा समर्थन से वह भारत के विरुद्ध सीमा क्षेत्र में सामरिक हरकतें करने से बाज नहीं आएगा' भारत को इन परिस्थितियों में विशेष सावधानी रखकर चीन तथा पाकिस्तान की सीमाओं पर अपनी चौकसी बढ़ा देना चाहिए' भारत में 2024 में पांच राज्यों के आम चुनाव तथा संसद के चुनाव भी होने वाले हैं भारत सरकार का ध्यान चुनाव में होने की वजह से चीन, पाकिस्तान, नार्थ कोरिया की मदद से भारत पर आक्रमण भी कर सकता है' भारत के प्रधानमंत्री की विगत दिनों अमेरिका यात्रा के दौरान उनका अमेरिकी राष्ट्रपति जो बायडन द्वारा खुलकर गर्मजोशी से स्वागत किए जाने के फलस्वरूप रूस के साथ उसके रिश्ते कुछ कमजोर भी पड़ सकते हैं। रूस ने सदैव भारत की विपरीत परिस्थितियों में मदद की है और ऐसे में भारत को रूस के साथ अपने संबंधों को संतुलित कर कर रखना होगा। अमेरिका के रवैये को देखते हुए अमेरिका पर 100% विश्वास किया जाना काफी मुश्किल भरा है।

# क्या भ्रष्टाचार से निपटने में कारगर होगी बेसिक आय?

**-प्रियंका सौरभ**

बेसिक आय किसी देश के सभी नागरिकों को उनकी आय, संसाधनों या रोजगार की स्थिति की परवाह किए बिना एक निश्चित धनराशि प्रदान करने का एक मॉडल है। बेसिक आय का उद्देश्य गरीबी को रोकना या कम करना और नागरिकों के बीच समानता बढ़ाना है। आज बेसिक आय की अवधारण को लेकर भिन्न-भिन्न मत दिये जा रहे हैं ऐसे में यह जानना महत्त्वपूर्ण है कि भारत में यह कितनी व्यावहारिक होगी। लेकिन पहले यह देख लेते हैं कि इस पायलट स्कीम पर कार्य करते हुए मध्य प्रदेश में लोगों के जन-जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा? क्या भारत में आय असमानता की चौड़ी होती जा रही खाई को पाट दिया गया है? क्या सबके लिये पीने का स्वच्छ पानी, रहने को घर और खाने को भोजन मिल रहा है? क्या अमीर व गरीब सबके बच्चे एक मानक शिक्षा व्यवस्था का हिस्सा हैं? यदि इन सभी सवालों का जवाब ह्यनहींह्न है तो क्यों न तमाम सामाजिक, आर्थिक मानकों का अध्ययन करते हुए सबके लिये एक ह्यबेसिक आयह्न की व्यवस्था कर दी जाए। सभी व्यक्ति लाभार्थी होंगे, इसके माध्यम से गाँवों में लोगों के रहन-सहन के स्तर को सुधारा जा सकता है, उन्हें पेयजल उपलब्ध कराया जा सकता है और बच्चों के पोषण में सुधार भी लाया जा सकती है एक नियमित बेसिक आय के भुगतान द्वारा भूख और बीमारी से विवेकपूर्ण ढंग से निपटने में मदद मिल सकती है। बेसिक आय, बाल श्रम को कम करने में भी मददगार साबित हो सकता है। इसके जरिये उत्पादक कार्यों में वृद्धि करके गाँवों की तस्वीर बदली जा सकती है और यह सतत विकास की दिशा में एक उल्लेखनीय प्रयास होगो विदित हो कि बेसिक आय की मदद से सामाजिक विषमता को भी कम किया जा सकता है। यदि एक वाक्य में कहें तो बेसिक आय का यह विचार आय असमानता और इसके दुष्प्रभावों के श्राप से भारत को मुक्त कर सकता। वर्तमान में, 1000 से अधिक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं मौजूद हैं, जिनमें से अधिकांश भ्रष्टाचार से भरी हुई हैं। वर्तमान योजनाओं में लीकेज का स्तर अत्यधिक उच्च है और ऐसी योजनाओं का कार्यान्वयन भी खराब है। बेसिक आय इस ढेर सारे कार्यक्रमों की जगह ले सकता है, जिससे इससे जुड़ी भ्रष्टता दूर हो सकती है।

बेसिक आय सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े नागरिकों की गरीबी और असुरक्षा को दूर करने में मदद करेगा। (जन-धन, आधार और मोबाइल) बुनियादी फ्रेमवर्क, बेसिक आय के कार्यान्वयन को पूरक बना सकता है और अधिक दक्षता और पारदर्शिता ला सकता है। कम वेतन वाले, कम-कुशल काम करने वालों के लिए आज के श्रम बाजार की बढ़ती अनिश्चित प्रकृति में, मजदूरी संबंधी असमानता बढ़ रही है।

# विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव आ बैल तू मुझे मार वाली कहावत न बन कर रह जाए

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के खिलाफ विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है। प्रस्ताव को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकार कर लिया है, जिसका मतलब है कि मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल में ये दूसरा मौका पर जब उसे विपक्ष के भरोसे का टेस्ट देना होगा। 2018 में विपक्ष ने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तंज कसते हुए कहा था, मैं आपको शुभकामनाएं देना चाहता हूं। आप इतनी मेहनत करो कि 2023 में आपको फिर से अविश्वास प्रस्ताव लाने का मौका मिले। यानि प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा था, वो अब सच हो गया है। विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया है।

वैसे विपक्ष ने जो लोकसभा में मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है, जिसका गिरना तय है क्योंकि एनडीए के 331 सांसद हैं, टीडीपी के 3 और जेडीएस का एक सांसद भी एनडीए के साथ हैं। दूसरी तरफ 210 सांसद बचते हैं, अगर अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 210 वोट नहीं पड़ते तो विपक्ष का यह दावा गलत साबित हो जाएगा कि इंडिया गठबंधन मोदी के खिलाफ खड़ा हो चुका है। विपक्ष, जिसे अब वे सदन से बाहर इंडिया कह रहे हैं, उसके लोकसभा में सिर्फ 142 सांसद हैं, टीआरएस के 9 सांसद भी अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में वोट देंगे। 9 अन्य सांसदों पर भी विपक्ष को भरोसा है कि वे अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में वोट करेंगे। वाईएसआर कांग्रेस-22, बीजू जनता दल-12, और बसपा-9 सांसद भी तटस्थ हैं, लेकिन इन तीनों दलों के 43 सांसदों के विपक्ष के साथ वोट किए जाने की संभावना अभी तक नजर नहीं आती। इसलिए यह तय है कि पटना और बेंगलुरु बैठकों से उसने जो माहौल बनाने की कोशिश की है, उसकी हवा अविश्वास प्रस्ताव से निकल जाएगी।

दरअसल देखा जाय तो विपक्ष ने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर बड़ी राजनीतिक गलती कर ली है। वह मणिपुर के मुद्दे पर बात करना चाहता था, और सरकार उसके लिए तैयार थी। गृहमंत्री अमित शाह ने मल्लिकार्जुन खड़गे और अधीर रंजन चौधरी को चिठ्ठी लिख कर कहा था कि विपक्ष मणिपुर के मुद्दे पर जितनी लंबी बहस करना चाहता है, करे, सरकार उसके लिए तैयार है, लेकिन आप बहस करिए। जबकि विपक्ष बहस के बजाए हंगामा कर रहा था। विपक्ष की जिद्द यह थी कि पहले प्रधानमंत्री दोनों सदनों में मणिपुर पर बयान दें, फिर बहस होगी। राज्यसभा में तो बयान के बाद सवाल उठाने के नियम हैं, लेकिन लोकसभा में तो यह नियम ही नहीं है कि मंत्री या प्रधानमंत्री के बयान के बाद उस पर स्पष्टीकरण मांगा जाए। विपक्ष के नेता सदन को अपनी मर्जी से चलाना चाहते हैं, जबकि सदन नियमों से चलता है। पता है गिरेगा अविश्वास प्रस्ताव , फिर फुल कॉफिडेंट में क्यों हैं क्ठउक्अ वाले । विपक्ष का राजनीतिक दृष्टिकोण भी इतना कमजोर क्यों हो गया है कि अपना नफा नुकसान ही नहीं देख पा रहा। वैसे भी अगर मणिपुर पर बहस होती, तो प्रधानमंत्री मोदी बहस में दखल देते हुए अपना बयान देते ही, तब आप जितने चाहे सवाल दाग सकते थे। वह संसद सत्र के पहले दिन पत्रकारों के सामने मणिपुर की शर्मनाक घटना की न सिर्फ निंदा कर चुके हैं, बल्कि देश को आश्वासन भी दे चुके हैं कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दो महिलाओं को नग्न करके पीटने का वीडियो सामने आने के बाद सात लोग गिरफ्तार भी किए जा चुके हैं। किसी भी प्रदेश में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर बहस करनी हो तो वह गृह मंत्रालय के अधीन ही आती है। विपक्ष के नेता नियम पर भी अड़े थे कि फलां नियम में बहस होनी चाहिए, फलां में नहीं होनी चाहिए। सरकार किसी भी नियम में बहस करने को तैयार थी, लेकिन मणिपुर पर बहस के बजाए मोदी को कटघरे में खड़ा करने के लिए अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देकर विपक्ष ने गलती कर दी है। अब तो खुला खेल फरुर्खाबादी होगा, अविश्वास प्रस्ताव पर दो या तीन दिन की बहस होगी। भाजपा के सांसद ज्यादा हैं, तो बोलने का मौका भी ज्यादा उन्हीं को ही मिलेगा।

गौरतलब है कि अब बहस सिर्फ मणिपुर पर नहीं होगी, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और छत्तीसगढ़ की घटनाओं पर भी होगी, जहां महिलाओं के खिलाफ करीब करीब मणिपुर जैसी ही घटनाएं हुई हैं। राजस्थान में तो सरकार के मंत्री राजेन्द्र गुढा ने ही कांग्रेस को यह कह कर कटघरे में खड़ा कर दिया था कि मणिपुर से पहले अपना घर तो संभालों, अपने गिरेबान में तो झांको। बंगाल में पंचायत चुनावों में मारे गए निरपराध कांग्रेस, वामपंथी और आईएसएफ के कार्यकताओं की हत्याओं की भी चर्चा होगी। पंचायत चुनावों में 46 राजनीतिक कार्यकताओं की हत्या हुई है। बहस में जब यह मुद्दा उठाया जाएगा, तो कांग्रेस, कम्युनिस्ट और एआईएमआईएम किसके साथ खड़े होंगे। क्या वे तृणमूल कांग्रेस के साथ खड़े हो पाएंगे, जो इन हत्याओं के लिए जिम्मेदार है। अभी 18 जुलाई को जब सीताराम येचुरी का ममता बनर्जी का हाथ पकड़ते हुए फोटोवायरल हुआ था, तो बंगाल के उन कम्युनिस्ट कार्यकताओं ने कम्युनिस्ट पार्टी के दफ्तर में हंगामा किया, जिनके पारिवारिक सदस्यों ने तृणमूल कांग्रेस की हिंसा में अपनी जान गंवाई है। अविश्वास प्रस्ताव लाकर विपक्ष ने अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारी है, क्योंकि न सिर्फ विपक्ष के आपसी मतभेद खुल कर सामने आयेंगे, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी को सदन में खुल कर बोलने का मौका दे दिया है।

वह दो घंटे बोलेंगे और धोकर रख देंगे। अविश्वास प्रस्ताव का हो हल्ला तो बहुत होगा, लेकिन अविश्वास प्रस्ताव लाकर विपक्ष ने एक प्रकार से ह्यआ बैल तू मुझे मार वाली कहावत ही चरितार्थ किया है , क्योंकि अब मोदी तो आखिर में बोलेंगे, वह शुरू में तो बोलेंगे नहीं। वह तो बहस का जवाब देंगे। मोदी के विजन पर मोदी विरोधियों को कितना भी संशय हो, मोदी के विजन पर उनके समर्थकों को पूरा भरोसा है।

स्पष्ट है कि खुद विपक्ष ने विधानसभा चुनावों से ठीक पहले मोदी को अपनी नौ साल की उपलब्धियां गिनाने का स्वर्णिम अवसर उपलब्ध करवा दिया है। भाजपा का दावा है मोदी ने पिछले नौ साल में वह करके दिखाया है, जो 65 साल से नहीं हुआ था। देश ने आर्थिक मोर्चे पर बेमिसाल तरक्की की है, इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बेमिसाल तरक्की की है। सड़कें, ट्रेन, हवाई अड्डे, पोर्ट, भारत एकदम बदल गया है। साईंस और विज्ञान के क्षेत्र में भी बेमिसाल तरक्की की है। कोरोना के दौरान भारत ने मेडिकल क्षेत्र में पूरी दुनिया में झंडे गाड़े हैं। बहस के दौरान एनडीए के सांसद उन उपलब्धियों को गिनाएंगे और बताएंगे कि मोदी ने देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है।

# सामूहिक दुष्कर्म मामले में गर्म होती जा रही सियासत

## -सूबे के सीएम भी रखे हैं नजरें-पीडिता के पिता ने पुलिस पर उठाये सवाल

**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** कस्बे की कक्षा दस की नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामले में सियासत गर्म होती जा रही है। सपा मुखिया/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस मामले में जहां संज्ञान ले लिया है, वहीं सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मामले में नजर गडाये हैं। इधर, पीडित छात्रा के पिता ने जांच पर सवाल उठाये हैं।

शनिवार को मानिकपुर कस्बे के आदर्श इंटर कालेज की कक्षा दस की छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म का मामला लखनऊ तक पहुंच गया है। इस मामले में सपा मुखिया/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने सपा के राष्ट्रीय सचिव/पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा की अगुवाई में सात लोगों की एक कमेटी बनाई है। कमेटी में विश्वकर्मा के साथ पूर्व सांसद बालकुमार पटेल, विधायक अनिल प्रधान, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष भइयालाल यादव व पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव समेत जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव को शामिल किया है। ये कमेटी सामूहिक दुष्कर्म की घटना की जांच को एक अगस्त को मानिकपुर पहुंचेगी। पीडित परिवार से मिलकर आख्या प्रदेश कार्यालय भेजेगी। इसी क्रम में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अगुवाई में शनिवार को छात्रा के घर पहुंची। टीम में शामिल पूर्व सांसद बालकुमार पटेल, पूर्व



विधायक वीर सिंह पटेल, जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, जिला उपाध्यक्ष गुलाब खां, मानिकपुर विधानसभा अध्यक्ष श्यामबिहारी यादव, अवधेश जायसवाल, उमाकान्त यादव, राजा यादव, धनंजय चन्देला ने छात्रा व परिजनों की मौजूदगी में पीडिता को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल सभी लोगों को सजा दिलाई जायेगी। प्रशासन से कहा कि पीडिता को न्याय न मिला तो सपा बडा आन्दोलन करने को बाध्य होगी।

इसी क्रम में कल विश्व हिन्दू परिषद व सपा नेता/ पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिद्धार्थ पाण्डेय ने भी पीडिता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर एसडीएम मानिकपुर को ज्ञापन सौंपा था। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मानिकपुर के सामूहिक दुष्कर्म मामले को गम्भीरता से ले लिया है। वे इस मामले में पल-पल की रिपोर्ट ले रहे हैं। कुल मिलाकर पीडिता को न्याय देने में पुलिस के विलम्ब करने का कारण समझ से परे है। इधर, पीडिता के पिता ने पुलिस की जांच पर सवाल उठाये हैं। आरोप लगाया कि पुत्री के 164 के बयान के बाद भी किसी भी आरोपी की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई। उल्टा पुलिस उनके ही रिश्तेदारों को जबरन उठा लाई है। पिता ने कहा कि पीडिता बहुत परेशान है। कुछ देर पहले उसने हाथ की नश काटकर आत्महत्या का प्रयास किया था। सुरक्षा में तैनात पुलिस ने पुत्री को बचाया है। ऐसे में सवाल है कि पीडिता को न्याय कैसे मिलेगा।

## एसपी के निर्देश पर सात गुण्डा एक्ट से मची खलबली

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर ने भोली-भाली जनता में भय-आंतक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले सात लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।
शनिवार को पहाडी थानाध्यक्ष ने अंकित पुत्र अभिलास, अर्जुन पुत्र रामनारायण, राजेश सिंह पुत्र माताबदल, पवन कुमार पुत्र किशोरचन्द्र, श्रवण कुमार पुत्र चन्द्रकिशोर निवासी प्रसिद्धपुर व चन्दन पुत्र ब्रजलाल राजपूत, सुरेन्द्र पुत्र बृजलाल निवासी गुजरहवात का पुरवा मजरा ओरा के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। इससे अराजकतत्वों में खलबली मची है।

## पाक्सो एक्ट के वांछित को पुलिस ने दबोचा



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में निरीक्षक अपराध अजीत कुमार पाण्डेय की टीम ने पॉक्सो एक्ट के वांछित को गिरफ्तार किया। टीम में निरीक्षक अपराध अजीत कुमार पाण्डेय, सिपाही आरिफ, राहुल देव शामिल रहे।

## युवा किसान नेता ने ली सपा की सदस्यता

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** युवा किसान नेता आकाश सिंह पटेल व युवा नेता धनंजय चंदेला ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पूर्व सांसद बालकुमार पटेल, जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल व जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल ने उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई।
शनिवार को युवा नेता आकाश सिंह पटेल ने कहा कि वह समाजवादी विचारधारा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों से प्रभावित होकर सपा की सदस्यता ली है।
इस मौके पर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सीताराम कश्यप, जिला सचिव राधेश्याम निषाद, सपा नेता उमाकांत यादव, कोषाध्यक्ष राजा यादव, अवधेश जायसवाल, बारा प्रधान चंद्रशेखर यादव, अशोक पटेल, रामनेवाज पटेल मौजूद रहे।

## लूट के सात मोबाइल के साथ चार बाल अपचारी गिरफ्तार

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के खोचवा गांव के सामने राधे कृष्ण ढाबा के पास से शुक्रवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर मिजार्मुराद पुलिस ने चार बाल अपचारी को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से लूट की सात मोबाइल बरामद किया।
मिजार्मुराद थानाध्यक्ष आनंद चौरसिया ने बताया कि बीते गुरुवार को कछवांरोड़ सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने बाइक से आ रहे मिजार्पुर जिले के चील्ह थाना क्षेत्र के दलापट्टी गांव निवासी रंजीत सोनकर से बाइक सवार चार लोगों ने चित्रसेनपुर स्थित पहलवान ढाबा के पास मारपीट कर एंड्राइड मोबाइल समेत 8200 सौ रुपए नगदी छीनकर बदमाश भाग निकले थे।तभी से बदमाशो के तलाश में पुलिस लगी हुई थी कि मुखबिर की सूचना मिला कि खोचवा गांव के सामने हाइवे के किनारे स्थित राधे कृष्ण ढाबा के पास बाइक सवार चार बाल अपचारी खड़े हैं। पुलिस को देखकर चारो भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा चारो की दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पकड़े गए चारो बाल अपचारियों के पास से पुलिस ने चित्रसेनपुर ढाबा के पास से लूटी गई।

# खेलों को बढावा दे रही मोदी-योगी सरकारः सांसद

## सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष ने बांटी खेल सामग्री

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग ने युवक, महिला मंगल दल को प्रोत्साहन देने को खेल सामग्री बांटी।
शनिवार को राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनेपुर में बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, सीडीओ अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, कॉपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल की मौजूदगी में सांसद ने कहा कि भारत सरकार एवं उप्र सरकार ग्रामीण अंचलों में खेलों के विकास एवं प्रसारण को प्रयास कर रही है। ग्रामीण अंचलों खिलाड़ियों के लिए कई योजनाएं लाई है। खेल जीवन के लिए बहुत जरूरी है, जिन गांवों में अभी खेल मैदान नहीं




बने, वहां जल्द ही बनेंगे। सभी लोग जिन्हें ये किट मिली है, पूरे गांव में एक टीम बना सकते हैं। सांसद ने कहा कि सरकार ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा दिया है। सबका साथ-सबका विकास लगातार विकास की प्रगति पर है। खेलों को आगे बढ़ाया जा रहा है। जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय ने अतिथियों को बुके देकर व बैच लगाकर स्वागत किया। वित्तीय वर्ष में 90 दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री दी जा रही है। ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत व मनरेगा योजना से खेल के मैदान खेल विभाग के प्रशिक्षक विकसित कर रहे हैं। प्रोत्साहन वितरण के साथ विभाग ने सभी मंगल दलों को वृक्षारोपण को पौधे बांटे। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने कहा कि खेलों के विकास को सरकार ने ढेरों योजनाओं से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही है। कनिष्क लिपिक सिद्धार्थ निगम ने कहा कि मुख्य रूप से युवक महिला मंगल दल ताम्रबनी, इटौरा, लोहदा, खटवारा, जमहिल, कौहारी, संग्रामपुर, मदना, चंद्रमारा, मऊ को सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर व राज कुमार त्रिपाठी, आशीष रघुवंशी, अभिलाष पटेल, शिवाकांत पांडे, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अखंड प्रताप यादव, उदयभान, एथलेटिक्स कोच अंगद सिंह यादव, बेसिक विभाग के प्रशिक्षक श्रीकेशन मौजूद रहे। हॉकी कोच श्याम सुंदर यादव व पीआरडी जवान आदि मौजूद रहे।

## करंट की चपेट में आने से बालक की मृत्यु

**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** तेज बारिश से 13 वर्षीय बालक के करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो गई।
ये मामला मऊ तहसील के मवई कला गांव के गौशाला का है। बताया गया कि शुक्रवार को तेज बारिश से बालक बकरी लेकर जा रहा था। बारिश से बचने को गौशाला के अन्दर लगे बोर में पानी पीने चला गया। बोर चलाने के प्रयास दौरान अचानक करंट की चपेट में आ गया। उसे लेकर परिजन सीएचसी मऊ आये। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
बताते हैं कि प्रधान की लापरवाही से ये घटना हुई है। स्थाई गौशाला संचालित न होने के बाद भी गेट हमेशा खुला रहता है। इसके चलते ये हादसा हो गया। समय रहते प्रधान गौशाला का गेट बन्द करवा देता तो ये घटना न होती।

# दिनदहाडे छुट्टी में शहर में अवैध ढंग से माफिया कर रहे निर्माण कार्य

## -कोतवाली पुलिस मजबूर या मजबूत-पुलिस पर उठ रहे तरह-तरह के सवाल

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय में पुलिस की उदासीनता से एक दबंग बेरोकटोक अवैध ढंग से निर्माण कार्य कराता रहा। पुलिस ने एक बार भी मौके पर जाकर अवैध निर्माण को रुकवाने की जरूरत नहीं समझी। इसे लेकर लोगों ने पुलिस पर तमाम तरह के सवाल उठाये हैं।

शनिवार को जिला मुख्यालय के चकरेही चैराहा के बगल से गंगाजी रोड पर अवैध निर्माण का ये मामला है। बताया गया कि पुरानी बाजार कर्वी के राजेश अग्रवाल इस जमीन के मालिक हैं। भूमि नम्बर 523 गंगाजी रोड के मामले में एसडीएम कर्वी ने कुर्की का आदेश दिया था। ये मामला एसडीएम के यहां विचाराधीन है। इस भूमि में रिसीवर नियुक्त है। रिसीवर के पास ही कब्जा एवं भूमि से सटे कमरे की चाभी है। न्यायालय एसडीएम ने भूमि बाबत कोई आदेश नहीं दिया।
दबंगई के जोर पर इस भूमि पर रामनारायण जायसवाल, जुग्गीलाल, छोटेलाल पुत्र हीरालाल, शारदा, पुरुषोत्तम पुत्र सूरज प्रसाद अवैध ढंग से कब्जाकर दुकानें बना रहे हैं। मना करने पर फसाद पर आमादा होते हैं।

जमीन मालिक राजेश अग्रवाल ने बताया कि दीवानी न्यायालय ने उन्हें ही भूमि मालिक घोषित किया है। रामनारायण आदि ने फर्जी ढंग से किरायेदार शारदा आदि से नुमाइशी बैनामा कराया है। कोतवाली कर्वी में रामनारायण के खिलाफ जालसाजी व जमीन हडपने बाबत मामला भी दर्ज है। रामनारायण व जुग्गीलाल भू-माफिया प्रवृत्ति के लोग हैं। बिना सक्षम न्यायालय के आदेश के चोरी-छिपे पुलिस के जोर पर भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने शान्ति व्यवस्था के लिए निर्माण कार्य रोका जाने की मांग की है। राजेश अग्रवाल ने अवैध ढंग से निर्माण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। खुलेआम दिनदहाडे छुट्टी के दिन अवैध निर्माण कराने से और पुलिस के मौके पर न पहुंचने को लेकर लोगों ने पुलिस पर तरह-तरह सवाल उठाये हैं। लोगों ने कहा कि जो बेईमान हैं, वर्दी उन्हें मजबूर बनाती है, जो ईमानदार हैं, ये वर्दी उन्हें मजबूत बनाती है। ऐसे में पुलिस खुद निर्णय करे कि वह क्या है?

## प्रसूता को नहीं मिली एम्बुलेंस, तीन घंटे कराहती रही प्रसूता



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रसव पीड़ा से गांव में कराह रही महिला को तीन घंटे तक एंबुलेंस नहीं मिली। परिजन तीन घंटे तक परेशान रहे। किसी तरह महिला को पैदल लेकर सड़क तक आये। किराये के साधन से पहाड़ी स्वास्थ्य केंद्र में महिला को भर्ती कराया।
ये पूरा मामला पहाड़ी थाने के सिधौली लोधनपुरवा गांव का है। बताया गया कि सुशील शनिवार को भाभी गीता को प्रसव पीड़ा होने पर 102 एंबुलेंस को फोन करता रहा। उधर से जवाब मिला कि सभी गाड़ी व्यस्त हैं। दो घंटे इंतजार के बाद भी जब एंबुलेंस नहीं आई तो किराए के साधन से अस्पताल लाये। डॉक्टरों ने बताया कि तीन दिन महिला की डिलीवरी नहीं होनी है। पीड़िता की सास बेसनिया, सुमन, और देवर जागेश्वर, आशा, मुन्नी निजी साधन से अस्पताल पहुंचे थे।
पहाड़ी के भानपुर गांव के सिधौली लोधनपुरवा में रास्ता न होने से एंबुलेंस सेवा नहीं पहुंचती है। प्रसूता को चारपाई में लिटाकर कुछ दूर पैदल जाना पड़ता है। इसका वीडियो सोशल मीडिया में कई बार वायरल हो चुका है। कई बार अधिकारी जांचकर सडक बनवाने का भरोसा दे चुके हैं, लेकिन सडक न बनने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

## साहित्य राजनीति की मशाल है: सरस




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** प्रगतिशील लेखक संघ के जिला सम्मेलन में सीपीआई जिला सचिव का अमित यादव ने कहा कि देश जिस दौर से गुजर रहा है, लोकतंत्र धर्मनिरपेक्षता, सामाजिक एकता, सामाजिक न्याय के साथ लोकतंत्र बचाने वाली संस्थायें बचेंगी या नहीं।
शनिवार को जिला कचहरी में प्रगतिशील लेखक संघ के जिला सम्मेलन में प्रलेस के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य/पर्यवेक्षक डा रामचन्द्र सरस ने कहा कि लोकतंत्र बचाने को बुद्धिजीवी वर्ग या लेखक का सबसे बड़ा दायित्व होता है। मुंशी प्रेमचंद ने कहा था कि साहित्य राजनीति की मशाल है। जो राजनीति को ही नहीं देश को भी दिशा देती है। साहित्यकारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती देश में बढ़ रहे सांप्रदायिक तनाव, जातिवाद, लोकतंत्र व अभिव्यक्ति पर हो रहे हमले हैं। इनसे निजात को कलम के रास्ते से ही निकालना होगा। सम्मेलन में का अमित यादव एड, सुनील कुमार चित्रकूटी, श्याम सुन्दर सिंह, आलोक बौद्ध, रविकरन ने विचार व्यक्त किया।
सम्मेलन में सर्वसम्मति से प्रगतिशील लेखक संघ चित्रकूट का जिलाध्यक्ष सुनील कुमार चित्रकूटी, उपाध्यक्ष आनंद यादव, महासचिव श्याम सुंदर सिंह, कोषाध्यक्ष आलोक बौद्ध, सचिव रविकरन चुने गए। दस सदस्यीय कार्यकारिणी भी चुनी गई। निर्वाचित पदाधिकारियों को का अमित यादव, पर्यवेक्षक डा रामचन्द्र सरस समेत तमाम साथी मौजूद रहे।

## फूहड गानों पर लगायें रोक: एसपी



अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने जिले के सभी थानाध्यक्षों/चैकी प्रभारियों को निर्देश दिये हैं कि अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज के आदेश से जिले में विभिन्न वाहनों में अश्लील व द्विअर्थी जातिसूचक फूहड गानों को सार्वजनिक रुप से तेज बजाने पर रोक लगाई जाये। ऐसे वाहनों पर कार्यवाही कर आख्या दें। शनिवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने जिले के सभी थाना प्रभारियों व चैकी प्रभारियों को निर्देश दिये हैं कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में अश्लील व द्विअर्थी व फूहड गानों को सार्वजनिक रुप से तेज बजाने पर रोक लगाई जाये। ऐसे वाहन चालकों पर कार्यवाही कर आख्या दें।

# शातिर ठग को पुलिस ने दबोचा

## बीयर ठेकेदार से की थी साढे सात लाख की ठगी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** बरगढ़ थाना क्षेत्र में बीयर कारोबारी से मेल-जोल बढ़ाकर दुकान में रखे रुपयों भरे बैग को चुराकर कागज भरा बैग रखकर बिहार के एक ठग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ठग के कब्जे से दस हजार रूपए बरामद किए हैं।

शनिवार को बरगढ थाने के मनका गांव के विनय पांडेय की बीयर के ठेके की दुकान है। दुकान में नियमित बिक्री समेत अन्य धनराशि वह बैग में रखते थे। कुछ दिनों पहले बिहार के रोहतास जिले के नटवार थाने के महरोड निवासी दिनेश कुमार उर्फ कविराज पुत्र जितेन्द्र प्रसाद व




कैमूर जिले के दुर्गावती थाने के मथुरा निवासी मंजीत कुमार पुत्र मनोज ने विनय से मेल-जोल बढ़ाया। मित्रता बढ़ने पर विनय ने दोनों पर भरोसा किया तो एक दिन दोनों विनय के सात लाख 40 हजार रूपए से भरा बैग लेकर चम्पत हो गए। विनय को धोखे में रखने को हूबहू बैग में कागज की गड्डियों पर फर्जी नोट लगाकर रख दिया। विनय ने बैग को अच्छी तरह देखा तो उसे धोखाधड़ी और चोरी का पता चला। थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने शातिर ठग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दस हजार रुपये बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने ठगों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। बरगढ थाना प्रभारी अंजनी कुमार ने बताया कि थाने के उप निरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा, प्रभुनाथ यादव व सिपाही चन्दन विश्वकर्मा, राहुल दीक्षित ने दिनेश कुमार उर्फ कविराज को अरवारी मोड तिराहे से गिरफ्तार किया है।

## आगरा मेट्रो के स्टेशनों के नाम बदलने पर सपा गर्म, भाजपा नर्म

**आगरा। यूपी** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बुधवार को आगरा मेट्रो स्टेशन के हॉल्ट जामा मस्जिद का नाम बदलने को लेकर दिए गए संकेत के बाद सियासत गहरा गई है। सपा जहां गर्म है वहीं भाजपा नर्म दिख रही है समाजवादी पार्टी के साथ मुस्लिम समाज के लोगों ने इस पर विपरीत प्रतिक्रिया दी है। सपा का कहना है कि नाम बदलने से कुछ नहीं होगा। नाम बदलें, तो विकास भी कराएं।
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में मेट्रो के ताज ईस्ट गेट स्टेशन का निरीक्षण किया था। इसके साथ मेट्रो के हाई स्पीड ट्रायल रन की शुरूआत की थी। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर के हॉल्ट जामा मस्जिद को मनकामेश्वर मंदिर कहकर संबोधित किया था। इस पर यूपी मेट्रो के एमडी ने भी यह बयान दिया कि जो सरकार चाहेगी, वो होगा।

## नाइजर में तख्तापलट के दो दिन बाद सैन्य गटो में सत्ता की लड़ाई : सूत्र

**नाइजर ।** नाइजर में सेना के विभिन्न गुट सत्ता के लिए संघर्षरत दिखे। एक विश्लेषक और एक पश्चिमी सैन्य अधिकारी ने राष्ट्रपति गार्ड की ओर से तख्तापलट किये जाने के दो दिन बाद यह जानकारी दी। इस तख्तापलट के कारण देश में राजनीतिक अराजकता फैल गई है जिससे जिहादियों के खिलाफ देश की लड़ाई में बाधा आ सकती है और पश्चिम अफ्रीका में रूस का प्रभाव बढ़ सकता है। यह अब भी स्पष्ट नहीं है कि कौन प्रभारी नेता है और मध्यस्थता के लिए प्रयास शुरू किया गया है या नहीं। पड़ोसी देश नाइजीरिया का एक प्रतिनिधिमंडल आने के तुरंत बाद ही लौट गया और एक क्षेत्रीय निकाय की ओर से मध्यस्थ नामित किये गये बेनिन के राष्ट्रपति नहीं पहुंचे। एक वार्ता के दौरान प्रतिभागियों से बातचीत में एक विश्लेषक ने कहा कि तख्तापलट करने वाले राष्ट्रपति गार्ड के सदस्य सेना के साथ इस मुद्दे पर बातचीत कर रहे हैं कि किसे प्रभारी नेता होना चाहिए। विश्लेषक ने हालात की संवेदनशीलता के मद्देनजर अपना नाम नहीं उजागर करने के लिए कहा। एक पश्चिमी सैन्य अधिकारी, जिन्हें मीडिया में बोलने का अधिकार नहीं है, ने पुष्टि की कि कि विभिन्न सैन्य गुट वार्ता कर रहे हैं, ऐसा माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। पापुआ न्यू गिनी में बातचीत के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने तख्तापलट की निंदा करते हुए इसे ''पूर्ण रूप से अवैध और नाइजीरियाई लोगों के लिए बहुत खतरनाक' करार दिया। मैक्रों ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति बजौम से कई बार बातचीत की और कैद में बंद नेता का स्वास्थ्य ठीक है। फ्रांस ने 1960 तक नाइजर पर एक उपनिवेश के रूप में शासन किया था। इस देश में फ्रांस के 1,500 सैनिक हैं, जो नाइजीरियाई लोगों के साथ संयुक्त अभियान चलाते हैं। बृहस्पतिवार को कई सौ लोग राजधानी नियामी में एकत्र हुए और रूसी झंडे लहराते हुए रूसी निजी सैन्य समूह वैगनर के समर्थन में नारे लगाए।

## Bangladesh Elections: विपक्षी पार्टी BNP का ऐलान, ढाका के प्रवेश स्थलों पर धरना देने का किया फैसला

**ढाका।** बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी ने घोषणा की कि वह अगले साल तटस्थ सरकार के तहत चुनाव कराने के वास्ते दबाव बनाने के लिए राजधानी ढाका के प्रमुख प्रवेश स्थलों पर पांच घंटे का धरना देगी। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने शहर के नया पल्टन इलाके में पार्टी की महारैली के दौरान धरने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि धरना शनिवार सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक होगा। सत्तारूढ़ अवामी लीग ने भी ढाका में



इसी तरह की रैली की है। आलमगीर ने कहा कि विरोध कार्यक्रम आयोजित करना उनका संवैधानिक अधिकार है और ये शांतिपूर्ण होंगे। आलमगीर ने कहा, ÷इस अवैध, असंवैधानिक सरकार के तहत कोई चुनाव नहीं हो सकता। हमारी केवल एक ही मांग है - सरकार को इस्तीफा देना चाहिए और संसद को भंग करना चाहिए। उन्होंने चुनाव के समय कार्यवाहक प्रशासन की बीएनपी की मांग को फिर से उठाया है। सत्तारूढ़ अवामी लीग ने अपनी रैली में किसी जवाबी प्रदर्शन की घोषणा नहीं की, लेकिन इसके महासचिव उबैदुल कादर ने नेताओं और कार्यकर्ताओं को बीएनपी के धरने के दौरान हिंसा होने के अंदेशे को लेकर होशियार रहने को कहा।

## सिंगापुर में भारतीय मूल के दो मंत्री प्रधानमंत्री के भाई के खिलाफ अदालत जाने की तैयारी में

**सिंगापुर ।** सिंगापुर में भारतीय मूल के दो वरिष्ठ मंत्रियों ने औपनिवेशिक काल के दो बंगलों के किराये के संबंध में आरोप लगाने पर प्रधानमंत्री ली सीन लूंग के भाई ली सीन यांग के खिलाफ मुकदमा दायर करने की धमकी दी है। कानून और गृह मामलों के मंत्री के षणमुगम और विदेश मामलों के मंत्री विवियन बालकृष्णन ने कहा कि अगर ली सीन यांग ने झूठे आरोप लगाने के लिए माफी नहीं मांगी तो वे मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे। एक फेसबुक पोस्ट में बृहस्पतिवार को षणमुगम ने कहा कि ली यांग ने उन पर और डॉ. बालकृष्णन पर 'भ्रष्ट तरीके से काम करने और व्यक्तिगत लाभ के लिए सिंगापुर भूमि प्राधिकरण (एसएलए) से मंजूरी लिए बिना पेड़ों को अवैध रूप से काटने और 26 तथा 31 रिडआउट रोड के नवीनीकरण के लिए एसएलए से भुगतान कराने' का आरोप लगाया है।

## संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान ऑस्ट्रेलियाई सेना का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, चालक दल के 4 सदस्य लापता


**ब्रिसबेन।** अमेरिका के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान क्वींसलैंड राज्य तट के पास ऑस्ट्रेलियाई सेना के एक हेलिकॉप्टर के समुद्र में गिर जाने के बाद चालक दल के चार सदस्य लापता हो गए हैं। रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने बताया कि एमआरएच-90 ताइपन हेलिकॉप्टर शुक्रवार रात करीब 10.30 बजे हैमिल्टन द्वीप के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि चालक दल के सदस्यों की तलाश की जा रही है और उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया है। एक बचाव हेलिकॉप्टर ने व्हिटसंडे द्वीप समूह में डेंट द्वीप के पास शनिवार सुबह मलबा देखे जाने की सूचना दी। ताइपन तालिस्मान सेबर में भाग ले रहा था, जो एक



द्विवार्षिक संयुक्त अमेरिकी-ऑस्ट्रेलियाई सैन्य अभ्यास है, जो बड़े पैमाने पर क्वींसलैंड में हो रहा है। इस साल के अभ्यास में 13 राष्ट्र और 30,000 से अधिक सैन्य कर्मी शामिल हैं। उधर, उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस ने पुष्टि की कि हेलिकॉप्टर में चालक दल के चार सदस्य सवार थे और उनका अभी तक पता नहीं चल पाया है लेकिन तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। मार्लेस ने कहा कि वहां एक और हेलिकॉप्टर मौजूद था, जिसका मतलब है कि खोज और बचाव तुरंत शुरू करने में सक्षम था। उन्होंने ब्रिस्बेन में संवाददाताओं से कहा, चालक दल के चार सदस्यों के परिवारों को इस घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है। हमारी उम्मीदें और हमारी संवेदनाएं चालक दल और उनके परिवारों के साथ हैं। उन्होंने कहा, ये दिन की शुरुआत है और इस घटना के बारे में बहुत अधिक जानकारी दी जानी है, लेकिन रक्षा अभ्यास, जो हमारे रक्षा बल की तैयारी के लिए बहुत आवश्यक हैं, वो इसे लेकर बहुत गंभीर हैं।

## कोशी प्रांत में नई सरकार का गठन करने के लिए प्रांतीय प्रमुख का आह्वान

**काठमांडू।** नेपाल के कोशी प्रांत में प्रांतीय प्रमुख परशुराम खापुंग ने नई सरकार के गठन का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान के जरिये मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों से दो अगस्त तक अपना बहुमत पेश करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने उद्धव थापा के नेतृत्व वाली कोशी राज्य सरकार को असंवैधानिक घोषित किया था, जिसके बाद नई सरकार के गठन का आह्वान किया गया है। कोशी की 93 सदस्यीय प्रांतीय विधानसभा में नेपाली कांग्रेस सहित सत्तारूढ़ गठबंधन के स्पीकर सहित 47 सांसद हैं। विपक्षी सीपीएन (यूएमएल) और आरपीपी के 46 सांसद हैं। सुप्रीम कोर्ट पहले ही अपने फैसले में साफ कर चुका है कि सरकार बनाने में स्पीकर का समर्थन नहीं लिया जा सकता।



प्रदेश प्रमुखको कार्यालय

विज्ञप्ति

## फ्रांसीसी राष्ट्रपति श्रीलंका की ऐतिहासिक यात्रा पर पहुंचे, द्विपक्षीय बैठक के बाद कही ये बात

**कोलंबो।** फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने अपनी ऐतिहासिक यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे। इस दौरान मैक्रों ने राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की अध्यक्षता वाले श्रीलंका के प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय सहयोग और खुले व समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर चर्चा की। यह किसी फ्रांसीसी राष्ट्रपति की श्रीलंका की पहली यात्रा है।

श्रीलंका के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि इस 'ऐतिहासिक' यात्रा के दौरान विक्रमसिंघे और मैक्रों के बीच दोस्ताना और सार्थक द्विपक्षीय वार्ता हुई जो एक घंटे 15 मिनट तक चली। बयान के



अनुसार, यात्रा का मुख्य उद्देश्य श्रीलंका और फ्रांस के बीच राजनयिक संबंधों की 75 वीं वर्षगांठ के मौके पर मौजूदा संबंधों को बढ़ाना और नए स्तर पर ले जाना था। बयान में कहा गया है कि श्रीलंका के चौथे सबसे बड़े लेनदार के रूप में फ्रांस ने ऋण पुनर्गठन प्रक्रिया में अपनी सहायता का वादा किया, जिसका उद्देश्य देश के लिए सकारात्मक परिणाम लाना है। मैक्रों दक्षिण प्रशांत क्षेत्र की अपनी यात्रा के बाद 28 जुलाई की रात श्रीलंका पहुंचे थे। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने शनिवार को ट्वीट किया, 'फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों का श्रीलंका की ऐतिहासिक यात्रा पर स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। हमारे प्रतिनिधिमंडलों के बीच द्विपक्षीय बैठक के दौरान हमने फ्रांस-श्रीलंका सहयोग के व्यापक क्षेत्रों पर चर्चा की और अपने संबंधों को और मजबूत करने पर सहमत हुए। मैक्रों ने कहा कि श्रीलंका और फ्रांस खुले, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के एक ही लक्ष्य को साझा करते हैं। मैक्रों ने बैठक के बाद ट्विटर पर पोस्ट किया, 'श्रीलंका और फ्रांस हिंद महासागर के दो देश हैं जो एक ही लक्ष्य साझा करते हैं जो है एक खुला, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत। कोलंबो में हमने इसकी पुष्टि की। 75 वर्षों के राजनयिक संबंधों से मजबूत कर हम अपनी साझेदारी के एक नए युग की शुरुआत कर सकते हैं।

## भारतीय ग्रीन कार्ड आवेदकों को बड़ी राहत देने की तैयारी, अमेरिकी सांसदों ने बाइडन सरकार से की अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिका में सांसदों के एक समूह ने बाइडन सरकार से अपील की है कि वह भारतीय ग्रीन कार्ड आवेदकों के बैकलॉग को खत्म करने के लिए कार्यकारी कदम उठाए। बता दें कि साल 2020 में जिन भारतीय लोगों ने ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन किया है, उनका वेटिंग पीरियड 195 साल बताया जा रहा है। इस पर अमेरिकी सांसदों ने चिंता जाहिर की है।

**अमेरिकी सांसदों ने बाइडन सरकार को लिखा पत्र**

भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति और लैरी बुशॉन के नेतृत्व में 56 सांसदों के द्विदलीय समूह ने अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन और होमलैंड सिक्योरिटी के सचिव अलेजांद्रो मायरकोस को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीजने सरकार से अपील की है वह उच्च प्रशिक्षित ग्रीन कार्ड आवेदकों को राहत दे और नौकरी के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों की तारीखों को 'वर्तमान' में प्रकाशित किया जाए। बता दें कि अमेरिका में बड़ी संख्या में ग्रीन




कार्ड धारक नौकरी करते हैं, ऐसे में इतना लंबा बैकलॉग होने की वजह से अमेरिकी सरकार को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैकलॉग की वजह से अमेरिका को उच्च प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी से जूझना पड़ रहा है। अमेरिका को प्रौद्योगिकी की दुनिया में बढ़त दिलाने में ग्रीन कार्ड पर अमेरिका में काम करने वाले स्क्नश्वरू कर्मचारियों (Science, technology, engineering, Management) की अहम भूमिका है। अमेरिका की दिग्गज कंपनियां हर साल भारत और चीन के हजारों युवाओं को एच-1बी वीजा या ग्रीन कार्ड से अपने यहां नौकरी देते हैं। अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदाय ने ग्रीन कार्ड और एच-1बी वीजा आवेदकों के बैकलॉग पर चिंता जाहिर की है। यही वजह है कि अमेरिकी सांसदों ने बाइडन सरकार से इस समस्या को सुलझाने के लिए तुरंत कार्यकारी कदम उठाने की मांग की है।

## अमेरिका में गर्मी से हाल-बेहाल; हीट इमरजेंसी घोषित, लोगों को धूप में ना निकलने की सलाह दी गई

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बढ़ते पारे के कारण लोगों को भीषण गर्मी और दमनकारी आर्द्रता से जूझना पड़ रहा है। मिडवेस्ट और ईस्ट कोस्ट पर एक अविश्वसनीय हीटवेव का असर दिखा है और इसके सप्ताहांत में जारी रहने की आशंका है। राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्ल्यूएस) ने कहा कि अमेरिका में 17 करोड़ से अधिक लोगों के लिए कम से कम शनिवार दोपहर तक अत्यधिक गर्मी की चेतावनी जारी की गई है। कई स्थानों पर दोपहर का हीट इंडेक्स रीडिंग 100 डिग्री फ़ारेनहाइट (38 डिग्री सेल्सियस) से ऊपर चला गया।


शिकागो, न्यूयॉर्क और फिलाडेल्फिया सहित देश के कुछ सबसे बड़े शहरों में गर्मी से परेशान ऐसे लोगों के लिए सार्वजनिक पुस्तकालयों और सामुदायिक केंद्रों में कूलिंग सेंटर्स खोले गए हैं जो गर्म तापमान से बचने में असमर्थ हैं। बोस्टन शहर ने हीट इमरजेंसी घोषित करने के बाद अपनी वेबसाइट पर कहा, अत्यधिक गर्मी स्वास्थ्य के लिए खतरनाक और यहां तक कि घातक भी हो सकती है। अमेरिकी शहर के अधिकारी जहां हीट इंडेक्स 108 डिग्री फ़ारेनहाइट (42 डिग्री सेल्सियस) तक पहुंच सकता है,



और पूर्वानुमानकर्ताओं ने आउटडोर गतिविधियों में काम करने या भाग लेने वालों, 65 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों, बच्चों और पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों से गर्म मौसम में बाहर नहीं निकलने का आग्रह किया है क्योंकि इतनी गर्मी स्वास्थ्य के लिहाज से सही नहीं है। एनडब्ल्यूएस ने कहा, बहुत सारे तरल पदार्थ पीएं, वातानुकूलित कमरे में रहें, धूप से बचें और रिश्तेदारों और पड़ोसियों का ख्याल रखें। फिलाडेल्फिया में, अधिकारियों ने शुक्रवार और शनिवार को सार्वजनिक पूल और स्प्रे ग्राउंड के घंटों में इजाफा कर दिया है। न्यूयॉर्क शहर में जहां हीट इंडेक्स 103 डिग्री फ़ारेनहाइट (39 डिग्री सेल्सियस) तक पहुंचने का अनुमान था अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर एक सार्वजनिक सेवा घोषणा वीडियो पोस्ट किया, जिसमें मालिकों से अपने पालतू जानवरों को अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रखने का आग्रह किया गया।

## बाइडन ने पहली बार कबूली बेटे हंटर की चार साल की बेटी होने की बात, बिना शादी के बने थे पिता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पहली बार सार्वजनिक तौर पर अपने बेटे हंटर की चार साल की बेटी नेवी के बारे में बात की। बता दें कि नेवी की मां लुंडेन रॉबर्ट्स से हंटर ने शादी नहीं की है। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि नेवी की मां, लुंडेन और हम साथ मिलकर ऐसे रिश्ते पर बातचीत कर रहे हैं, जो उनकी बेटी के हिते में हो। बाइडन ने लोगों से उनकी निजता का सम्मान करने की भी अपील की।



मैं बस वो चाहते हैं जो हमारे पोते-पोतियों के हित में हो, जिनमें नेवी भी शामिल है। बता दें कि लुंडेन रॉबर्ट्स ने चाइल्ड सपोर्ट के लिए हंटर के खिलाफ केस किया था। जिसके बाद हंटर का डीएनए टेस्ट किया गया, जिससे साबित हो गया कि नेवी के पिता राष्ट्रपति बाइडन के बेटे हंटर ही हैं। अब दोनों पक्ष चाइल्ड सपोर्ट के संबंध में बातचीत कर रहे हैं।

**हंटर ने अपनी किताब में किया था उल्लेख-** हंटर ने साल 2021 में प्रकाशित अपनी एक किताब में बताया कि लुंडेन से मिलने के समय वह कोकीन का नशा करते थे। हंटर ने बताया कि उन्हें इस बारे में कुछ भी याद नहीं है लेकिन वह बच्ची की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हैं। बता दें कि मीडिया में काफी समय से हंटर की इस बेटी को लेकर चर्चाएं हैं लेकिन अभी तक बाइडन ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुई थी। अब पहली बार बाइडन ने इस मुद्दे पर सार्वजनिक तौर पर टिप्पणी की है। बता दें कि हंटर बाइडन की पूर्व पत्नी कैथलीन बुहले से दो बेटियां हैं। वहीं दूसरी पत्नी मेलिसा कोहेन बाइडन से एक दो साल का बेटा है। बाइडन अपने पोते-पोतियों के काफी करीब बताए जाते हैं और उन्होंने कहा था कि 2020 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए उनके पोते-पोतियों ने ही उन्हें प्रेरित किया था।

## अरबपति सोशल मीडिया सेलेब्रिटी का टुकड़ों में कटा शव बरामद, एक हफ्ते से थे लापता

**लंदन।** बीते कई दिनों से लापता चल रहे सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और अरबपति क्रिप्टो कारोबारी फर्नांडो पेरेज अलगाबा का क्षत-विक्षिप्त शव बरामद हुआ है। अलगाबा का शव बुधवार को एक नाले के नजदीक लाल रंग के सूटकेस से बरामद हुआ। अलगाबा के शव के कई टुकड़े किए हुए थे, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अलगाबा कुछ दिन पहले ही अपने देश अर्जेंटीना आए थे और राजधानी ब्यूनस आयर्स में ठहरे हुए थे।

**सूटकेस में मिला क्षत-विक्षिप्त शव**

अलगाबा बीती 19 जुलाई को लापता हुए थे। बुधवार को कुछ बच्चे खेल रहे थे तो उन्हें



नाले के नजदीक एक लाल रंग का सूटकेस दिखाई दिया। जब बच्चों ने इसे खोला तो इसमें शरीर के कई अंग थे। बच्चों के माता-पिता ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सूटकेस को खोला और उसमें से अलगाबा के शरीर के अंग बरामद किए। पुलिस को सूटकेस में अलगाबा के पैर और बाजू मिले। वहीं एक बाजू नाले से बरामद किया गया। तलाश करने पर अलगाबा का सिर और धड़ भी बरामद कर लिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सोशल मीडिया सेलेब्रिटी अलगाबा के शव को टुकड़ों में काटने से पहले गोली मारकर उसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने फिंगरप्रिंट्स और शरीर पर बने टैटू की मदद से अलगाबा के शव की पहचान की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फर्नांडो पेरेज अलगाबा स्पेन के शहर बार्सिलोना में रहता था। लग्जरी वाहनों को किराए पर देकर और क्रिप्टोकरेंसी बेचकर अलगाबा ने काफी पैसा कमाया था। अलगाबा सोशल मीडिया पर भी अपनी लग्जरी लाइफ की झलक दिखाते रहते थे, जहां उन्हें फॉलो करने वाले यूजर्स की संख्या दस लाख से भी ज्यादा थी। अलगाबा एक हफ्ते पहले ही ब्यूनस आयर्स आए थे। अलगाबा ब्यूनस आयर्स में एक फ्लैट में किराए पर रह रहे थे और उन्हें 19 जुलाई को फ्लैट छोड़ना था लेकिन उसी दिन अलगाबा गायब हो गए। इसके बाद फ्लैट के मालिक ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और जांच में जुटी है। माना जा रहा है कि कर्ज के चलते अलगाबा की हत्या हुई है।

## भारत को 2047 तक विकसित देश बनाना सरकार का लक्ष्य: सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने के लिए सरकार चार पहलुओं पर ध्यान दे रही है। इन पहलू में बुनियादी ढांचा, निवेश, नवाचार और समावेशन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत के पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तय लक्ष्य को पूरा करने के लिए जरूरी संसाधन हैं। सीतारमण ने शनिवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार का लक्ष्य ऐसे भारत का निर्माण करना है, जो 2047 तक एक विकसित देश बनने की अपनी मंजिल तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि हम पहले बुनियादी ढांचे पर बहुत ज्यादा जोर दे रहे हैं। पिछले तीन से पांच साल में बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए सार्वजनिक खर्च में काफी वृद्धि हुई है। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2023-24 में 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा।वित्त मंत्री ने आगे कहा कि बुनियादी ढांचे के साथ ही दूसरे पहलू निवेश पर भी जोर दिया जा रहा है। ऐसे में सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की भागीदारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि तीसरी प्राथमिकता नवाचार की है। इसके लिए सरकार ने जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को कम करने के साथ ही अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों को निजी उद्यमियों के लिए खोला है। उन्होंने आगे कहा कि इन सभी प्राथमिकताओं के साथ ही समावेशन की भी जरूरत है। इसके लिए यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि हम जो कुछ भी कर रहे हैं, उसका लाभ भारत के हर वर्ग को मिले।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।